गजब हरियाणा समाचार पत्र में खबरें, विज्ञापन, लेख,कविताएं लगवाने हेतु संपर्क करें :- 9138203233

PKL NO.KKR/184/2022-24

हिन्दी पाक्षिक राष्ट्रीय समाचार पत्र

सच्ची व स्टीक खबर, आप तक

सम्पादक : जरनैल सिंह
छायाकार : राजरानी

# गजब हरियाणा

Contact : 91382-03233

समस्त भारत में एक साथ प्रसारित

HAR/HIN/2018/77311

WWW.GAJABHARYANA.COM ✱ 01 मई 2022 वर्ष : 5, अंक : 01 पृष्ट : 8 मूल्य: 7/- सालाना 150/- रुपये ✱ email. gajabharyananews@gmail.com

## सरकार ने कोरोना की नई लहर से निपटने को लेकर तेज की तैयारियां

# सीएम खट्टर ने कही यह बात


हरियाणा में कोरोना वायरस के मामले बढ़ने को लेकर राज्य सरकार अलर्ट हो गई है। हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर ने दावा किया है कि कोरोना वायरस की नई लहर को लेकर राज्य सरकार ने तमाम तैयारियां कर ली है। इसके साथ ही मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि राज्य में कोविड के सबसे ज्यादा मामले मुख्य रूप से दिल्ली की सीमा से लगे गुरुग्राम और फरीदाबाद में हैं।

खट्टर ने कहा कि हरियाणा कोविड के मामलों में वृद्धि होने पर किसी भी परिस्थिति से निपटने को तैयार है। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बुनियादी अवसंरचना बेहतर हुई है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने के साथ-साथ सरकार ने नये मेडिकल स्टाफ की भर्ती भी शुरू कर दी है।

खट्टर कोविड-19 हालात पर चर्चा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुलाई गई मुख्यमंत्रियों की ऑनलाइन बैठक में बोल रहे थे। बता दें कि बुधवार को हरियाणा में 3.56% पॉजिटिविटी रेट के साथ 535 नए मामले सामने आए हैं।

**बूस्टर डोज भी लगाया जाएगा**

बुधवार को गुरुग्राम में 421 कोविड के नए मामले दर्ज किए गए. इसके बाद फरीदाबाद में 85, हिसार में 1, सोनीपत में 8, पानीपत में 1, पंचकुला में 3, अंबाला में 2, रोहतक में 5, यमुनानगर में 1, भिवानी में 1, झज्जर में 2, कैथल में 3 और पलवल में 2 मरीज निकले हैं।



हरियाणा सरकार अपने सभी नागरिकों को पहले ही बूस्टर डोज फ्री में मुहैया करवाने का एलान कर चुके हैं। अनुमान के मुताबिक हरियाणा सरकार बूस्टर डोज के लिए करीब 300 करोड़ रुपये खर्च करेगी।

## सक्षम शिक्षा योजना की समीक्षा बैठक की अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए

### बच्चे नियमित रूप से लाइब्रेरी में पुस्तके व समाचार पत्र पढ़े : उपायुक्त



**गजब हरियाणा न्यूज/सुखबीर**

यमुनानगर । उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए है कि वे सक्षम शिक्षा योजना को बढ़ावा दे ताकि बच्चे अच्छी गुणवत्ता की शिक्षा लेकर देश के सभ्य नागरिक बन सके।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता वीरवार को जिला सचिवालय स्थित डीसी कार्यालय में सक्षम शिक्षा योजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारी और अध्यापक स्कूलों में न्यूज रिडिग, सामान्य ज्ञान व शब्दों के प्रयोग को शुरू करें और यह कार्य प्रत्येक दिन होना चाहिए। उन्होने कहा कि प्रत्येक दिन बच्चों को नए शब्द का ज्ञान, उसकी व्याख्या और उसका प्रयोग समझाना चाहिए इससे बच्चों का शब्द कोष ज्ञान बढेगा तथा प्रतिदिन न्यूज रिडिग व सामान्य ज्ञान के बारे में भी बच्चों को पढाया व सिखाया जाएं इससे बच्चों का पूर्ण मानसिक विकास होगा। उन्होंने कहा कि बच्चे नियमित रूप से लाइब्रेरी में पुस्तके पढ़े व समाचार पत्र पढ़े। सभी बच्चों का सामान्य ज्ञान बढ़ाने की ओर विशेष ध्यान दे और प्रत्येक दिन बच्चों को एक नया शब्द व उसका प्रयोग सिखाए।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि जिला के सभी सकूलों के मुख्यध्यापकों, प्रिंसिपलों, खंड शिक्षा अधिकारियों के साथ-साथ सभी अध्यापको की कार्यप्रणाली का मूल्यांकन करे और शिक्षा के कार्य पर पूरी निगरानी रखे। उन्होंने कहा कि कक्षा 4 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए उड़ान कार्यक्रम के तहत जो विशेष कोंचिंग पाठयक्रम चलाया जाएगा उसे भली भांति चलाए ताकि कोरोना काल में स्कूल बंद होने के कारण बच्चों की शिक्षा में जो कमी रह गई है उसे सही ढग् से पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारी और अध्यापकगण यह सुनिश्चित कर ले कि किसी भी स्कूल की चार दिवारी से 100 फुट की दूरी में पान, बीड़ी, सिगरेट व तम्बाकू से निर्मित किसी भी नशीले पदार्थो की बिक्री की दुकान एवं स्टाल आदि न हो।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सतपाल कौशिक, मुख्यमंत्री के सुशासन सहयोगी विपुल फ्लोर, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी आर.डी. गागट, डीपीसी सुमन बहमनी, एपीसी डॉ. धर्मवीर व जय कुमार सहित शिक्षा विभाग व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कांग्रेस पार्टी में उदयभान को प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने से कांग्रेस पार्टी होगी मजबूत: जयपाल पांचाल

**गजब हरियाणा न्यूज/शर्मा**

बाबैन । कांग्रेस पार्टी की ओर से वरिष्ठ नेता उदयभान को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर बाबैन में आज कांग्रेस कार्याकर्त्ताओं के द्वारा बाबैन अनाज मंडी में कांग्रेसी नेता लाभ सिंह घिसरपड़ी के कार्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के पूर्व ब्लाक प्रधान जयपाल पांचाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की ओर से उदयभान को प्रदेशाध्यक्ष व श्रुति चौधरी, राम किशन गुर्जर, जितेंद्र कुमार भारद्वाज व सुरेश गुप्ता को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिससे प्रदेश में कांग्रेस पार्टी मजबूती से कार्य करेगी। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा से ही देश की जनता की आवाज उठाई है। देश व प्रदेश में आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का होगा। जयपाल पांचाल ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में कांग्रेस पहले से मजबूत होगी और प्रदेश में आने वाले चुनाव में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी। उन्होंने नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष से मांग की है कि वह जल्द से जल्द पूरे प्रदेश में कार्यकारणी का गठन करें ताकि कांग्रेस पार्टी



और अधिक मजबूत हो सके। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रधान राकेश अग्रवाल, लाभ सिंह, संजीव भूखड़ी, रामपाल सैनी, पूर्व चेयरमैन हरिकेश सैनी, प्रिंस घिसरपड़ी, बलबीर रामपुरा, प्रवीन सिंगला, कृष्ण शर्मा, मोहनलाल चुग्ग, मामचंद प्रजापत, मास्टर रणधीर सिंह, मान सिंह, भीम सिंह, पूर्व सरपंच दीपक मोरथला व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# हाइवे पर बूथों पर ऑनलाइन रोड टैक्स भुगतान की आड़ में चल रहा बड़ा फर्जीवाड़ा

**गजब हरियाणा न्यूज/अमित बंसल**

घरौंडा । हाईवे पर दर्जनों की संख्या में ठगी के बूथ चल रहे हैं। इन बूथों पर ऑनलाइन रोड टैक्स भुगतान की आड़ में बड़ा फर्जीवाड़ा किया जा रहा है । कई राज्यों का आरटीओ टैक्स भरने का झांसा देकर वाहन चालकों से लाखों रुपए की ठगी की जाती है। टैक्स की राशि लेकर वाहन मालिकों को फर्जी रसीद दिए जाने का खुलासा हुआ है। फर्जीवाड़ा उजागर होने के बाद बूथ संचालक मौके से फरार हो गया। पीड़ित बस मालिक ने ठगी की शिकायत पुलिस को दी है।

नेशनल हाईवे पर खुशी ढाबे पर खुले एक टैक्स कलेक्शन बूथ पर राजस्थान की एक बस के मालिक ने पंजाब आरटीओ टैक्स भुगतान किया। ऑनलाइन टैक्स पेमेंट का बूथ चला रहे संचालक ने बस मालिक से साढ़े तीन हजार रुपये लिए ओर से





भुगतान की रसीद जारी कर दी। इस बस को पंजाब में आरटीओ की टीम ने पकड़ लिया। जब बस चालक ने टैक्स की रसीद दिखाई तो खुलासा हुआ कि उन्हें मिली रसीद फर्जी है और पोर्टल पर टैक्स नही भरा गया। इसके बाद आरटीओ ने बस पर 54 हजार का जुर्माना ठोक दिया। वापसी में बस मालिक ने बूथ संचालक को शिकायत की तो वह मौके से फरार हो गया। पीड़ित बस चालक ने इस मामले की शिकायत घरौंडा पुलिस को दी है।

राजस्थान के भरतपुर निवासी बस मालिक नंदकिशोर की भतीजी की शादी थी। शादी समारोह पंजाब के सानेवाल में था। 27 अप्रैल की सुबह निजी बस मालिक नंदकिशोर ने घरौंडा खुशी ढाबे पर ऑनलाइन रोड टैक्स कटवाया था और रसीद लेकर वे पंजाब की तरफ रवाना हो गए। रात को शादी निपटाने के बाद वे राजस्थान के लिए निकले तो पंजाब में राजपुरा के पास आरटीओ ने बस को रूकवा लिया और टैक्स की पर्ची मांगी। आरटीओ ने टैक्स पर्ची चैक की तो वह नकली पाई। आरटीओ ने 54 हजार रुपए का जुर्माना ठोक दिया। हालांकि बस चालक व परिवार के लोगों ने आरटीओ से अनुरोध भी किया कि वे जुर्माना कुछ कम कर ले, लेकिन उन्होंने एक ना सुनी और बस को सवारियों सहित थाने में ले गए। किसी तरह से 54 हजार रुपए का जुगाड़ किया गया और जुर्माना भरने के बाद वे घरौंडा खुशी ढाबे के बूथ पर पहुंचें। उन्होंने ढाबा मालिक से बातचीत की तो इतने में ही बूथ संचालक मौके से फरार हो गया। बूथ संचालक का नाम मुकेश बताया जा रहा है जो कि पलवल का रहने वाला है।

लोगों का आरोप है कि हाईवे पर इस तरह के ठगी के दर्जनों बूथ चल रहे हैं और रोजाना बड़ी संख्या में वाहन चालकों से टैक्स भुगतान के नाम पर ठगी की जाती है। ठगी के धंधे में वे ढाबा मालिक भी शामिल है जिनके बाहर यह ऑनलाइन टैक्स भुगतान के बूथ खोले गए हैं। इस मामले की जांच किए जाने की मांग की जा रही है ताकि टैक्स भुगतान में किए जा रहे फर्जीवाड़े का खुलासा हो सके। वहीं जिस जमीन पर ढाबा बना हुआ है, उस जमीन के मालिक अशोक ने बताया कि उसने जमीन को किराये पर दिया हुआ है। किसी ओर ने ढाबा खोला हुआ है। बस चालक का जो भी नुकसान हुआ है उसकी पूर्ति की जाएगी।

थाना प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि शिकायत मिली है। शिकायत मिली है। शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



# खेती को मिलेगी नई रफ्तार

**रबी** की बुवाई से बहुत पहले रबी फसलों की एमएसपी निर्धारित कर केंद्र सरकार ने खेती-किसानी के प्रति प्राथमिकता स्पष्ट कर दी है। खेती को लाभकारी बनाने के लिए मोदी सरकार की बानगी रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा के रूप में भी पूरी प्रखरता से झलकती है। पूर्व में रबी-खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा फसल कटाई के समय तक हो पाती थी। किसान वर्ग अनुमान भी नहीं लगा पाता था कि उसकी उपज का आधार भाव क्या होगा? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की केंद्रीय मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक के बाद रबी मार्केटिंग सीजन 2022-23 के लिए रबी फसलों की एमएसपी में बढ़ोतरी की घोषणा की गई। गेहूं के एमएसपी में गत वर्ष के मूल्यों पर 40 रुपए की वृद्धि कर 2015 रुपए प्रति क्विंटल किया गया है। सरसों में 400 रुपए क्विंटल की बढ़ोतरी कर 5050 रुपए किया गया।

इसके अलावा मसूर में भी 400 रुपए बढ़ाकर 5500 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई। अन्य रबी फसलों में चने की एमएसपी 130 रुपए बढ़ाकर 5230 रुपए प्रति क्विंटल की गई, कुसुम में 114 रुपए बढ़ाकर 5441 रुपए और जौ के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 35 रुपए की बढ़ोतरी कर 1600 से 1635 रुपए प्रति क्विंटल एमएसपी की गई है। न्यूनतम समर्थन मूल्यों में वृद्धि का विश्लेषण करेंगे तो यह स्पष्ट है कि गेहूं के मुकाबले दलहनी, तिलहनी फसलों की एमएसपी में बढ़ोतरी कर केंद्र सरकार किसानों को प्रत्यक्ष रूप से प्रोत्साहित कर रही है। किसानों का रुझान दलहनी फसलों की ओर झुकेगा। विश्व में भारत दलहन उत्पादन में शीर्ष पर है, परंतु उपभोक्ता भी बड़ा है।

2014-15 में देश में दलहन का रकबा 2.35 करोड़ हेक्टेयर था जो 2020-21 में बढ़कर 2.81 करोड़ हेक्टेयर हो गया, उत्पादन भी 2020-21 में 2.55 करोड़ टन हुआ, पर देश में दालों की खपत अधिक होने के कारण लगभग 40 लाख टन का आयात करना पड़ता है। चना, मसूर का समर्थन मूल्य बढ़ने के कारण किसानों का रुझान बढ़ा है और उत्पादन और उत्पादकता का ग्राफ निरंतर ऊपर जा रहा है। इसी प्रकार सीसीईए की सिफारिशों को मानकर सरसों के समर्थन मूल्य में रिकॉर्ड 400 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाकर सरसों का रकबा तथा उत्पादन बढ़ाना, प्राथमिकता है। खाद्यान्न तेल आयात पर निर्भरता कम होगी और किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी होगी। हाल ही सरकार द्वारा घोषित राष्ट्रीय खाद्य तेल पाम ऑयल मिशन का लक्ष्य भी यही है। इस मिशन के लिए 11,040 करोड़ रखे गए हैं।



रबी की बुवाई से बहुत पहले रबी फसलों की एमएसपी निर्धारित कर केंद्र सरकार ने खेती-किसानी के प्रति प्राथमिकता स्पष्ट कर दी है। कृषि कानूनों के खिलाफ किसान भले ही आंदोलन कर रहे हों, मगर खेती को नई रफ्तार देने का काम सरकार ने किया है। एमएसपी में लगातार बढ़ोतरी से यह साफ हो चुका है कि सरकार इसे खत्म नहीं करने वाली। एमएसपी के जरिए किसानों का जीवन स्तर काफी हद तक सुधारा है।

आत्म निर्भर भारत का मेरुदंड और नींव भी आत्म निर्भर कृषि ही है और मूल में देश के किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में केंद्र सरकार निरंतर कल्याणकारी योजनाएं, परिणाममूलक कार्यक्रम व उनके प्रभावी, क्रियान्वयन में जुटी है। बड़ी बात यह है कि नीतियां-योजनाएं हकीकत बन रही हैं।

इस वर्ष 2021-22 में एमएसपी पर गेहूं की रिकॉर्ड सरकारी खरीद ने विभिन्न असंतुष्ट पक्षों की उस आशंका को निर्मूल कर दिया कि सरकार एमएसपी बंद कर रही है। आंकड़ों के मुताबिक इस वर्ष 2021-22 में रिकॉर्ड 49 लाख किसानों से 4.3 करोड़ टन गेहूं की खरीद की जो कि गत वर्षों के मुकाबले कहीं अधिक है और लगभग 85 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से किसानों के खाते में पहुंची। खेती की लागत, किसान की शक्ति, बाजार की जरूरत का बेहतर तरीके से समझकर केंद्र सरकार ने रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किए हैं। केंद्र सरकार कृषि फसलों के एमएसपी निर्धारित करने के लिए उस फार्मूले पर कार्य कर रही है जो किसानों को लागत पर 50 प्रतिशत मुनाफे की गारंटी देता है। बुवाई पूर्व रबी फसलों की एमएसपी की घोषणा कृषि को नई रफ्तार देगी।

कृषि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए मोदी सरकार ने प्रतिबद्धता दर्शाते हुए कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रभावी काफी कदम उठाए है। छोटे किसानों को पहले बीज खरीदने और बुवाई की अन्य तैयारियों के लिए कर्ज लेना पड़ता था। किसानों की इन मुश्किलों को देखते हुए पीएम किसान सम्मान निधि से सभी किसानों को वर्ष में तीन बार 2 हजार रुपए की सहायता डीबीटी के जरिए दी जा रही है। गत अप्रैल में फर्टिलाइजर कंपनियों ने डीएपी ,एनपीके आदि उर्वरक के दामों को दोगुना करने का निर्णय लिया तो केंद्र सरकार ने तत्काल फैसला किया कि अभी फर्टिलाइजर की कीमतें नहीं बढ़ेंगी। कंपनियों द्वारा डीएपी की बोरी के दाम 1200 रुपए से बढ़ा कर 1900रुपए तक कर दिए गए थे। सरकार ने किसानों को तत्काल राहत देते हुए डीएपी पर 140 प्रतिशत सब्सिडी बढ़ाने का फैसला किया और किसानों को डीएपी पुराने दामों पर ही मिल रही है। हालांकि सब्सिडी बढ़ने से खजाने पर सालाना लगभग 15 हजार करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ आएगा। खेती की लागत ना बढ़ने देने केंद्र सरकार का यह अभूतपूर्व कदम था। इसी के साथ यूरिया फर्टिलाइजर के दाम भी अंतर्राष्ट्रीय बाजसर में बढ़ने के बावजूद देश में स्थिर ही हैं। वहीं कृषि को उद्योग की तरह विकसित करने एक लाख करोड़ रुपए के एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर फंड की स्थापना की गई ताकि फसल कटाई के बाद के प्रबंधन के लिए कोल्ड स्टोरेज, वेयरहाउस आदि का निर्माण हो।

निर्धारित लक्ष्यों को वक्त से पहले और तेजी से हासिल करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) की स्थापना के लिए 6865 करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दी है। स्वायल हेल्थ कार्ड, पीएम सिंचाई, पीएम फसल बीमा जैसी अनेक योजनाओं ने देश में परंपरागत खेती की तस्वीर बदली है। गत कुछ वर्षों में बागवानी क्षेत्र में 10 हजार करोड़ से अधिक का निवेश, 500 करोड़ रुपए का राष्ट्रीय मधुमक्खी शहद मिशन, मोदी सरकार द्वारा किसानों की हरसंभव आमदनी बढ़ाने के प्रयासों को मजबूती दे रहा है। फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि का सबये अधिक फायदा किसानों को होता है। पिछले कुछ सालों में इन दो राज्यों के किसानों की आय बढ़ गई है। हालांकि यह भी हकीकत है कि खेती पर लागत भी बढ़ी है। कई साल पहले हुए एक सर्वे में खुलासा हुआ था कि आय के मामले में पंजाब एवं हरियाणा के किसान देश में सबसे आगे हैं। वैसे, ताजा सर्वे से वर्तमान स्थिति का पता चलेगा।

केंद्र सरकार के सांख्यिकी कार्यालय ने आठ साल पहले 2012-13 में जुलाई से जून माह के बीच एक सर्वे कराया था, जिसमें पंजाब और हरियाणा के किसानों की आय सबसे अधिक आंकी गई थी। पंजाब की औसत मासिक आमदनी 18 हजार 59 रुपए और हरियाणा की आमदनी 14 हजार 434 रुपये थी। उत्तर प्रदेश और बिहार के किसानों का नंबर काफी नीचे था। इसके बाद से ऐसा कोई सर्वे नहीं हुआ, पर मौजूदा सरकार जिस तरह फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में लगातार बढ़ोतरी कर रही है, उससे हरियाणा, पंजाब के किसानों की आमदनी बढ़कर तीन से पांच गुना तक ज्यादा हो चुकी है।

जरनैल सिंह

## यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों पर कसा शिकंजा, करीब 1करोड10 लाख रूपये का किया जुर्माना

### सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए पुलिस द्वारा नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ की जा रही है कार्यवाही : डॉ. अंशु सिंगला

**गजब हरियाणा न्यूज/जरनैल रंगा**

कुरुक्षेत्र । देश में बढ रही सडक दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जिला पुलिस द्वारा वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों पर कसा शिकंजा, करीब 1करोड10 लाख रूपये का किया जुर्माना। सडक दुर्घटनाओं के मामले में भारत अग्रिम देशों की श्रेणी में आता है। भारतवर्ष में सड़क दुर्घटनाओ का आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है। आंकडों के अनुसार भारत में हर वर्ष करीब 4.5 लाख सडक दुर्घटनाएं होती हैं । जिनमें करीब 1.50 लाख लोग अपना अमूल्य जीवन गंवा देते हैं। हादसों का मुख्य कारण यातायात के नियमों के प्रति जागरुकता न होना है । यह प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि यातायात नियमों की पालना करके सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाए । जिला पुलिस समय-समय पर आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरुक कर रही है । इसके फलस्वरुप कुछ शरारती तत्व यातायात के नियमों की अवहेलना करते हैं। जिनके खिलाफ जिला पुलिस द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के तहत कानुनी कार्यवाही की जाती है ताकि सडक हादसों को रोका जा सके।

इस बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र डॉ. अंशु सिंगला ने बताया कि देश में प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ रही है। अकेले पुलिस ही सड़क दुर्घटनाओं को कम नहीं कर सकती जब तक देश का हर नागरिक यातायात नियमों के प्रति जागरूक ना हो। हमें सड़क दुर्घटना के मद्दों को गंभीरता से लेना चाहिए क्योंकि ज्यादातर मौतें लापरवाही के ही कारण होती हैं। सड़क दुर्घटनाओं के कई कारण हो सकते हैं। ड्राइवर या किसी अन्य व्यक्ति की लापरवाही सड़क दुर्घटना का मुख्य कारण है। लोग ठीक प्रकार से यातायात निर्देशों और नियमों का पालन नहीं करते जिसका परिणाम गंभीर चोटों और मौतों के रूप में सामने आता है। हम आमतौर पर उन लोगों को देख सकते हैं7 जो ट्रैफिक सिग्नल तोड़ते हैं, नशे में गाड़ी चलाते हैं, सीट बेल्ट नहीं पहनते हैं। हर व्यक्ति जो सड़कों का उपयोग कर रहा है, सड़क सुरक्षा की समस्या उससे संबंधित है। सड़कों पर सुरक्षा के लिए सख्त नियमों और कानूनों की ज़रूरत है। ड्राइविंग करते समय या वाहन का उपयोग करते समय प्रत्येक व्यक्ति को नियमों का पालन करना चाहिए। इन दिनों युवाओं के बीच बाइक क्रेज बढ़ रहा है इसलिए उन्हें हेलमेट पहनने तथा गति सीमा पर अंकुश रखने जैसे नियमों का पालन करना चाहिए । नशे में ड्राइविंग या तेज ड्राइविंग दुर्घटनाओं का मुख्य कारण होता है। हमारा जीवन हमारे हाथों में है7 इस प्रकार सड़क का उपयोग करते समय नियम का पालन करना आवश्यक है। सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए समय-समय पर विशेष अभियान चलाकर यातायात नियमों की पालना करवाई जाती है। जिला पुलिस कुरुक्षेत्र के यातायात प्रभारी निरीक्षक रामकरण की टीम ने एक विशेष अभियान के तहत सरकारी तथा सहकारी समितियों की बसों के विदाउट पैटर्न नम्बर प्लेट, नोपार्किंग, विदाउट सीटबेल्ट, ओवरलोडिंग व विदाउट यूनिफार्म के 42 चालान किये जिनसे मौक़ा पर 29 हजार 500 रूपये का नकद जुर्माना वसूल किया। जिसमे 17 रोडवेज की बसों तथा 27 सहकारी समितियों की बसों के चालान किये गये।



आमजन से अपील करते हुए पुलिस अधीक्षक डा. अंशु सिंगला ने कहा कि खुद को सुरक्षित रहना व दूसरों को सुरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेवारी है । यदि किसी नागरिक के नोटिस में कोई सड़क हादसा आए तो उसकी सुचना तुरंत पुलिस हैल्पलाईन डायल-112 पर सूचित करें, पुलिस तुरंत आप की मदद के लिए पहुंचेगी। सड़क हादसों के बारे में कोई भी सूचना हरियाणा पुलिस की ट्रैफिक हैल्पलाइन नंबर 1073 या जिला पुलिस के ट्रैफिक कंट्रोल रुम न. 1095 पर काल करके भी सूचना दी जा सकती है।

जिला पुलिस द्वारा दिनांक 1 जनवरी 2022 से 27 जनवरी 2022 तक यातायात नियमों की अवेहलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध की गई कार्यवाही के दौरान निम्न अनुसार चालान किये गये :

१. गलत दिशा में वाहन चलाने पर 1577 चालान किये तथा 7,88,500 रुपये जुर्माना।
२. लेन चेंज करने के 1038 चालान व 5,19,000 रुपये जुर्माना ।
३. गलत स्थान पर पार्किंग के 2003 चालान जिनका 10,01,500 रुपये का जुर्माना।
४. हेलमेंट के 4964 चालान जिनका 49,64,000 रुपये जुर्माना।
५.विदाउट सीट बैल्ट के 711 चालान व 7,11,000 रुपये जुर्माना।
६. स्कूल बस के 32 चालान व 32,000 रुपये जुर्माना।
७. रेड लाईट जम्प के 461 चालान जिसका जुर्माना 23,05,000 रुपये।
८. जिला पुलिस द्वारा मोटर वाहन के नियमों की अवहेलना करने वाले वाहने चालकों के 113 लाईसेंस सस्पैंड किये गये।
९. जिला पुलिस ने बस चालकों द्वारा नियमों की अवहेलना करने वाले बस चालकों कुल 219 चालान किये गये।
१०. ओवरस्पीड के 840 चालान जिसमे 16,80,000 रुपये जुर्माना।

गजब हरियाणा
सच्ची व स्टीक खबर, आप तक

## माइनिंग आधुनिक युग के उद्योगों को कच्चा माल उपलब्ध कराने में आवश्यक : डॉ. माधवी गुप्ता

### कुवि के भूगर्भ विज्ञान विभाग में माइनिंग के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं के विषय पर व्याख्यान आयोजित

गजब हरियाणा न्यूज/जरनैल रंगा

कुरुक्षेत्र । खनन एवं भूविज्ञान विभाग, हरियाणा सरकार में माइनिंग इंजीनियर डॉ. माधवी गुप्ता ने कहा कि माइनिंग आधुनिक युग के उद्योगों को कच्चा माल उपलब्ध कराने के लिए अति आवश्यक है। हमें निकट भविष्य में और अधिक अच्छी तकनीक को उपयोग में लाना होगा। वे गुरुवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के भूगर्भ विज्ञान विभाग में माइनिंग के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं के विषय पर बतौर मुख्यातिथि बोल रही थी। उन्होंने बताया कि एमटैक व एमएससी जियोलॉजी के विद्यार्थियों के लिए देश व दुनिया के सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, इसरो, आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, कॉल इंडिया लिमिटेड, एनएचपीसी, एनजीआरआई, वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी, व विभिन्न राष्ट्रीय व बहुराष्ट्रीय कंपनियों में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं।

उन्होंने पूर्व छात्रा होने के नाते विभाग के सभी विद्यार्थियों हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि डॉ. माधवी गुप्ता ने विभाग से 1992 में एमएससी जियोलॉजी और 1999 में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। उसके पश्चात विभिन्न सरकारी विभागों में अपनी सेवाएं दी।

सेमिनार में भूविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नरेश कुमार ने



कहा कि माइनिंग आज के इस युग की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। माइनिंग के द्वारा इंडस्ट्रीज एवं उद्योग जगत की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के व्याख्यान विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शन का काम करते हैं। अत: भविष्य में भी इस प्रकार के व्याख्यान करवाए जाने के लिए विभाग निरंतर प्रयासरत रहेगा। उन्होंने बताया कि सेमिनार का मुख्य उद्देश्य बच्चों को माइनिंग के आधार व इस क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं के बारे में बताना था।

इस अवसर पर विभाग के शिक्षक प्रो. एआर चौधरी, डॉ. ओपी ठाकुर, डॉ. सतीश कुमार, डॉ. राजेश रंगा, डॉ.योगेन्द्र, यशपाल, सरिता मान, प्रयन्त अश्वनी, स्वाति राणा, सहित शोधार्थी, स्नातक तथा स्नातकोत्तर के विद्यार्थी मौजूद रहे।

## निकाय चुनाव के लिए जजपा नेता विधायक ईश्वर सिंह रोशन ढांडा व डा. जसविंद्र खैहरा पिहोवा के प्रभारी नियुक्त

### निकाय चुनाव में जजपा करेगी जीत दर्ज : डा. खैहरा

गजब हरियाणा न्यूज





कुरुक्षेत्र । नगर निकाय चुनाव के लिए जननायक जनता पार्टी ने तैयारी शुरु कर दी है। पार्टी ने विभिन्न नगर निकायों में चुनाव प्रभारी बनाए हैं। पिहोवा में नगर निकाय चुनाव में गुहला के विधायक ईश्वर सिंह, रोशन ढांडा व शुगरकेन कंट्रोल बोर्ड के सदस्य डा. जसविंद्र खैहरा को प्रभारी नियुक्त किया गया है। ऐसे में जननायक जनता पार्टी सभी निकायों में मजबूती के साथ चुनावी मैदान में उतरेगी।

जजपा के युवा जिलाध्यक्ष डा. जसविंद्र खैहरा ने कहा कि पार्टी द्वारा उनको जो जिम्मेवारी सौंपी गई है, उसका वे ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगें। उन्होने कहा कि निकाय चुनाव नजदीक हैं। ऐसे में पार्टी द्वारा सभी नगर पालिकाओं व नगर निगमों में प्रभारी बनाए हैं जोकि पार्टी के हित में सभी जगहों पर कार्य करेंगें। उन्होने कहा कि जननायक जनता पार्टी हर व्यक्ति की पसंदीदा पार्टी है। ऐसे में नगर निकाय चुनाव में जजपा को भारी जनसमर्थन मिलेगा। प्रदेश में युवा उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला युवाओं की आवाज को बुलंद किए हुए हैं। प्रदेश सरकार द्वारा हर वर्ग के लिए भरपूर कार्य किए जा रहे हैं।

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अंत्योदय उत्थान की योजना से आम नागरिक का सामाजिक व आर्थिक स्तर हो रहा मजबूत, विकास कार्यों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं के बलबूते पर स्थानीय निकायों में होंगे विजयी : कमलेश ढांडा

### तरावड़ी पालिका चुनाव के दृष्टिगत राज्यमंत्री ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक, चर्चा के माध्यम से जाना माहौल

गजब हरियाणा न्यूज

तरावड़ी/करनाल । महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सशक्त कड़ी उसके कार्यकर्ता हैं, जो शक्ति केंद्र प्रमुख, पालक एवं त्रिदेव की भूमिका में होकर जीत की कुंजी बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अंत्योदय उत्थान की योजना से आम नागरिक का सामाजिक, आर्थिक स्तर बेहतर हो रहा है और इसके बूते पर भाजपा तरावडी में बडे अंतर से कमल का फूल खिलाकर विरोधियों को धूल चटाएगी।



वीरवार को तरावड़ी नगर पालिका चुनाव के संबंध में प्रवास प्रभारी के नाते महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा ने शिव शक्ति संकीर्तन भवन परिसर में तरावडी के सक्रिय पदाधिकारियों की बैठक ली। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत के बूते पर ही विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के तौर पर भारतीय जनता पार्टी पर स्थापित हुई है। आप जैसे जिम्मेदार व कर्मठ कार्यकर्ताओं के कारण संगठन का देश, प्रदेश में गुणात्मक विस्तार हुआ है। हमारे लिए गर्व की बात है कि हम सभी देश, समाज को मजबूत बनाने के लक्ष्य पर काम कर रहे हैं और यही अंतर अन्य राजनीतिक दलों पर भाजपा को श्रेष्ठ बनाती है।

उन्होंने संगठन की ताकत का जिक्र करते हुए कहा मेरी जैसी साधारण कार्यकर्ता, जिसे संगठन ने ही आगे बढ़ाते हुए सरकार के माध्यम से आमजन की सेवा करने का अवसर दिया है। आज संगठन द्वारा मुझे चुना गया है तो कल आप में से ही किसी कार्यकर्ता को यह दायित्व मिलने वाला है। इसलिए संगठन द्वारा जो भी होमवर्क दिया जाता है, उसे गंभीरता से लें तथा उसके अनुरूप आगामी कदम उठाएं। जो कार्यकर्ता सही दिशा में काम करता है, उसे कोई न कोई आंख देख रही होती है।

राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि तरावड़ी नगर पालिका चुनाव में भाजपा सबसे बेहतर स्थिति में है और कार्यकर्ताओं के जोश को देखते हुए तरावड़ी में कमल को फूल खिलेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र-प्रदेश सरकार की नीतियों को गरीब, वंचित परिवारों तक लाभ पहुंचाने के लिए तथा उनके उत्थान के लिए तरावडी नगर पालिका में भाजपा की जीत सुनिश्चित करें।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, पूर्व विधायक भगवान दास कबीरपंथी, पालिका चुनाव प्रभारी गजेंद्र सलूजा, पालिका विस्तारक सुभाष भगत, मंडल अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, मंडल प्रभारी सुमेर चंद कम्बोज, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष संयोगिता गुप्ता, मंडल महामंत्री रणजीत भारद्वाज, मास्टर अमर सिंह समेत वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

## केयू के ललित कला विभाग के प्रोफेसर राम विरंजन बने डीन फैकल्टी ऑफ इंडिक स्टडीज

गजब हरियाणा न्यूज/जरनैल रंगा



कुरुक्षेत्र । कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार ललित कला विभाग के प्रोफेसर राम विरंजन को डीन फैकल्टी ऑफ इंडिक स्टडीज नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही वो केयू कोर्ट तथा एकेडमिक कौंसिल के सदस्य भी होंगे।

लोक सम्पर्क विभाग के उप-निदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर ने बताया कि प्रोफेसर राम विरंजन 30 अप्रैल से यह कार्यभार संभालेंगे।

## पूर्व विधायक बाबू रमेश गुप्ता ने थामा आम आदमी पार्टी का दामन



गजब हरियाणा न्यूज/शर्मा

बाबैन । थानेसर से पूर्व विधायक बाबू रमेश गुप्ता ने अपने बेटे अमन गुप्ता व विवेक गुप्ता सहित आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया। जिससे राजनीति गलियारों में हंडकप मच गया। बाबू रमेश गुप्ता ने बुधवार को विधिवत तरीके से राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता के नेतृत्व में आप का दामन थाम लिया। पंजाब में पूर्व बहुतम से आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद हरियाणा में भी प्रभाव देखने का मिल रहा है आए दिन पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक आम आदमी पार्टी का दामन थाम रहे है। पूर्व विधायक रमेश गुप्ता बाबैन अनाज मंडी में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे द्य उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद देश व प्रदेश की जनता परिवर्तन चाहती है और अब पंजाब व दिल्ली के बीच हरियाणा प्रदेश पड़ता है यहां की जनता भी परिवर्तन चाहती है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की दिल्ली में सरकार की उपलब्धियों एवं नीतियों से प्रभावित होकर पंजाब की जनता ने आम आदमी पार्टी पर भरोसा जताया है। आम आदमी पार्टी जनता के भरोसे पर खरा उतरेगी। उन्होंने ने कहा कि अब देश की जनता आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल की तरह देश का नेतृत्व करने की उम्मीद लगा रही है। अब अरविंद केजरीवाल देश के प्रधानमंत्री बनेंगे और देश की जनता की सेवा की नई मिसाल कायम करेंगे। देश की जनता ईमानदार एवं जनता के सबसे ज्यादा हित चाहने वाले नेता को ही देश का नेतृत्व सौंपने का मन बना रही है।

## अराईपुरा रोड पर जंगल में फंदे पर लटका मिला शव, आशंका तीन माह से लटका था शव

### अराईपुरा रोड पर जंगल में फंदे पर लटका मिला शव, शव मिलने से फैली सनसनी

## करीब तीन माह पुराना बताया जा रहा है शव

गजब हरियाणा न्यूज/अमित बंसल


घरौंडा । अराईपुरा रोड पर जंगल में फंदे से लटका एक शव मिला है। शव करीब तीन माह पुराना बताया जा रहा है। अनुमान लगाया जा रहा है। मृतक की टांगें आवारा कुत्तों द्वारा खाई गई है। अब केवल हड्डियां ही बची है। शव मिलने के बाद आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना के बाद पुलिस व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मर्चरी हाउस भिजवा दिया है।

27 अप्रैल की शाम अराईपुरा रोड पर भोला कालोनी के सामने जंगल में एक युवक घुमने के लिए गया था। जैसे ही वह जंगल के अंदर गया तो उसे पेड़ पर फंदे से लटका एक शव दिखा। जिससे वह घबरा गया और आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद शव को देखने वालों का तांता लग गया। सूचना पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आसपास के लोगों से शव की शिनाख्त करवाई लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। चूंकि शव करीब तीन माह से फंदे पर लटका हुआ था। इसलिए अब यह कंकाल बन चुका है। टांगों के नाम पर सिर्फ हड्डियां है। मृतक के शरीर पर जर्सी मिली है तथा आसपास पास कुछ लोअर भी मिले है।

एफएसएल की टीम ने मौके पर पहुंच कर साक्ष्य जुटाए और शव को अपने कब्जे में लेकर मर्चरी हाउस रखवा दिया है। इसके बाद पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

जांच अधिकारी देवेंद्र मान ने बताया कि अराईपुरा रोड पर जंगल में एक शव फंदे से लटका मिला है। शव की शिनाख्त नहीं हुई है। अनुमान है कि शव करीब तीन माह पुराना है। एफएसएल टीम मौके पर पहुंच गई है।





शव को कब्जे में लेकर मर्चरी हाउस करनाल भिजवा दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

यूट्यूब व फेसबुक पर
गजब हरियाणा न्यूज
चैनल को लाईक व सब्सक्राइब करें।
91382-03233
रोजाना की खबरों के लिए देखें वेबसाईट
www.gajabharyana.com

## कागजी कार्रवाई को कम करने के लिए हर फाइल को ई-आफिस से ही भेजना करे सुनिश्चित: कटारिया




**गजब हरियाणा न्यूज/जरनैल रंगा**

आजादी के अमृत महोत्सव का लॉगो अंकित करे हर फाईल पर, राज्य सरकार के आदेशानुसार सभी विभागों को अपनाना होगा ई-ऑफिस, नगराधीश चंद्रकांत कटारिया ने ई-ऑफिस को लेकर अधिकारियों को दिए कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश

कुरुक्षेत्र। नगराधीश चंद्रकांत कटारिया ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव का लॉगो हर विभाग की हर फाइल पर अंकित होना चाहिए। इतना ही नहीं ई-आफिस के जरिए मूव होनी वाली हर फाइल पर आजादी के अमृत महोत्सव का लॉगो भी अंकित किया जाए। इतना ही नहीं विभागों में कागजी कार्रवाई को कम करने के लिए हर अधिकारी ई-ऑफिस के माध्यम से ही हर फाइल को मूव करना सुनिश्चित करें।

नगराधीश चंद्रकांत कटारिया वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में ई-ऑफिस को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले उपायुक्त मुकुल कुमार ने जिले में ई-ऑफिस कार्य प्रणाली में सराहनीय कार्य करने वाले, डीसी ऑफिस, सीटीएम विभाग, पासपोर्ट विभाग, जनसम्पर्क विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पर्यटन विभाग, शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों की प्रंशसा की और ई-ऑफिस में सबसे निम्न स्तर पर रहने वाले विभाग डीडीपी, हाउसिंग बोर्ड, एचवीपीएनएल, बीडीपीओ बाबैन, पिहोवा, इस्माइलाबाद, ट्रांसपोर्ट विभाग, पशुपालन विभाग, जिला मौलिक शिक्षा विभाग, होम गार्ड, स्वास्थ्य विभाग को ई-ऑफिस के माध्यम से ही अपनी फाइल को मूव करने के आदेश दिए है।

उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की तरफ से आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर 15 अगस्त 2023 तक आजादी का पर्व मनाया जा रहा है। इसलिए प्रत्येक पत्र और ई-ऑफिस की फाईल पर सरकार की तरफ से बनाए गए आजादी के अमृत महोत्सव का लॉगो का प्रयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस के माध्यम से जहां कागजी कार्रवाई कम होगी वहीं फाईल भी एक जगह से दूसरी जगह जल्दी से मूव होगी। इस मौके पर सीएमजीजीए अविनाश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## सीवरेज के सफाई कार्य के लिए क्लीनिंग मशीन का शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने रीबन काटकर उद्घाटन किया



**गजब हरियाणा न्यूज/सुखबीर**

यमुनानगर। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग जगाधरी द्वारा 42 लाख 50 हजार रुपये लागत से सीवरेज के सफाई कार्य के लिए क्लीनिंग मशीन का शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने रीबन काटकर उद्घाटन किया।

शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने आज वीरवार को मनोचा अस्पताल जगाधरी से सीवरेज के सफाई कार्य की गाड़ी को रवाना किया। उन्होंने बताया कि जगाधरी शहर में सीवरेज के सफाई कार्य में लोगों की काफी शिकायते मिल रही थी। उन्होंने बताया कि सीवरेज के सफाई कार्य की गाड़ी जगाधरी में आने से सीवरेज सफाई के कार्य में कोई परेशानी नहीं आएगी और यह गाड़ी समय-समय पर जगाधरी शहर के सीवरेज की सफाई करती रहेगी।

इस अवसर पर नगर निगम के सीनियर डिप्टी मेयर प्रवीण कुमार, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता रामेश्वर चौहान, मनोज गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष विपुल गर्ग, सरदार गुरमेहर सिंह, एसडीओ पब्लिक हैल्थ पलविन्द्र सिंह, पार्षद जगदीश विद्यार्थी, जेई पब्लिक हैल्थ हिमांशु, भाजपा के कार्यकर्ता सीता राम मित्तल, सीमा गुलाटी, कपिल मित्तल, रविन्द्र मल्होत्रा, अजय मंगला, संजीव गर्ग, वरूण बत्रा, टोनी, एएसआई गुरदयाल सिंह, निकुंज गर्ग मौजूद रहे।

**Classified Display**


'गजब हरियाणा' समाचार पत्र में डिस्प्ले क्लासिफाइड में अपना विज्ञापन आज ही बुक करें, बहुत ही कम दामों में। संपर्क करें : 9255103233

gajabharyananews@gmail.com

# हरियाणा के कांग्रेस नेता कुलदीप बिश्नोई के बागी तेवर भूपेंद्र सिंह हुड्डा के करीबी के अध्यक्ष बनने से तेवर तीखे

नई दिल्ली। पंजाब समेत कई राज्यों में अंदरूनी कलह का सामना कर रही कांग्रेस के सामने अब हरियाणा में भी संकट खड़ा हो गया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता कुलदीप बिश्नोई ने अब बागी तेवर दिखाए हैं। हरियाणा में कांग्रेस नेता कुलदीप बिश्नोई ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के करीबी उदय भान को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने के बाद बागी रुख अपनाने का संकेत दिया है। उन्होंने बुधवार को कहा कि आगे कोई कदम उठाने से पहले वह राहुल गांधी से जवाब मांगेंगे। उन्होंने ट्वीट किया, %आप सबके संदेश सोशल मीडिया पर पढ़ रहा हूं। आपका बेहिसाब प्यार देख कर मैं अत्यंत भावुक हूं। आपकी तरह गुस्सा मुझे भी बहुत है। लेकिन मेरी सब से प्रार्थना है कि जब तक मैं राहुल जी से जवाब ना मांग लूं, हमें कोई कदम नहीं उठाना है। अगर मेरे प्रति आपके मन में स्नेह है तो संयम रखें।

पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत भजन लाल के पुत्र बिश्नोई खुद भी हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद के दावेदार थे। हुड्डा के करीबी माने जाने वाले उदय भान दलित समुदाय से आते हैं और उन्होंने कुमारी सैलजा का स्थान लिया है।



पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत भजन लाल के पुत्र बिश्नोई खुद भी हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद के दावेदार थे। हुड्डा के करीबी माने जाने वाले उदय भान दलित समुदाय से आते हैं और उन्होंने कुमारी सैलजा का स्थान लिया है।

# कुरुक्षेत्र में अमृत सरोवर पानी की एक-एक बूंद को संरक्षित करके जल जीवन मिशन के लक्ष्य को करेंगे पूरा : मुकुल

**गजब हरियाणा न्यूज/जरनैल**

कुरुक्षेत्र। उपायुक्त मुकुल कुमार ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर कुरुक्षेत्र जिले में 75 तालाबों को अमृत सरोवर के रूप में विकसित किया जाएगा। यह अमृत सरोवर कुरुक्षेत्र में पानी की एक एक बूंद बचाने का काम करेंगे। इसी उद्देश्य को लेकर राज्य सरकार की तरफ से तालाबों को अमृत सरोवर के रुप में विकसित किया जा रहा है। अहम पहलु यह है कि कुरुक्षेत्र में प्रथम चरण में पांच तालाबों को अमृत सरोवर बनाया जाएगा। इस जिला में सांसद नायब सिंह सैनी बाबैन के गांव नखरोजपुर से और मुख्यमंत्री मनोहर लाल पानीपत की धरा से मजदूर दिवस पर अमृत सरोवर अभियान का आगाज करेंगे। इस कार्यक्रम की तैयारियां करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिए है।



आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर कुरुक्षेत्र में प्रथम चरण में 5 तालाबों को बनाया जाएगा अमृत सरोवर, 75 अमृत सरोवर बनाने का होगा लक्ष्य, 1 मई को सांसद नायब सिंह सैनी बाबैन के गांव नखरोजपुर से करेंगे अभियान की शुरुआत, प्रदेशव्यापी अभियान का आगाज करेंगे मुख्यमंत्री मनोहर लाल

उपायुक्त मुकुल कुमार वीरवार को लघु सचिवालय में आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर 1 मई को अमृत सरोवर की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन अमृत सरोवर की शुरुआत की जाएगी। इस मिशन के तहत जिला में जल संरक्षण संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा देते हुए एक साल में 75 तालाबों का जीर्णोद्धार तथा निर्माण किया जाएगा। इस मिशन अमृत सरोवर की विधिवत शुरुआत 1 मई को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा पानीपत से की जाएगी। उस दिन जिला स्तर पर सांसद या विधायक उपस्थित रहेंगे। इस योजना के तहत विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए जल संरक्षण संबंधी समस्याओं का स्थाई समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक अमृत सरोवर कम से कम एक एकड़ भूमि पर विकसित किया जाएगा जिसकी जल संग्रहण की क्षमता लगभग 10 हजार क्यूबिक मीटर होगी। इस मिशन के तहत विकास एवं पंचायत विभाग तथा हरियाणा पोंड एंड वेस्ट वाटर मैनेजमेंट अथॉरिटी द्वारा संयुक्त रूप से काम किया जाएगा। इसके अलावा, पांच अन्य विभागों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए योजना के तहत तालाब विकसित किए जाएंगे। जिन पांच अन्य मंत्रालयों द्वारा इस योजना के तहत भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी उनमें पंचायती राज मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, जल शक्ति मंत्रालय, सांस्कृतिक मामलों के मंत्रालय तथा पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि इस परियोजना के तहत आयोजित होने वाली सभी गतिविधियों को मोबाइल ऐप पर अपलोड भी किया जाएगा। यह मोबाइल ऐप भास्कराचार्य नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस एप्लीकेशन एंड जियो इंफॉर्मेटिक्स द्वारा तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के तहत पद्मश्री अवॉर्ड विजेता, शहीदो तथा स्वतंत्रता सेनानियों के गांवों को प्राथमिकता दी जाएगी। जिला में 1-1 तालाब को संबंधित क्षेत्र के सांसद तथा 1-1 गांव विधायकों द्वारा गोद लेते हुए तालाब विकसित किए जाएंगे। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी, एसडीएम नरेन्द्र पाल मलिक, जिला परिषद के सीईओ सतबीर कुंडु, एसडीएम सोनू राम,एसडीएम विनेश कुमार, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता अरविंद कौशिक सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर तुरंत मोबाईल पर सरकार से आता है संदेश

### वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना के लिए अब वृद्धजनों को सर्वे का नहीं करना पड़ता इंतजार: उपायुक्त अनीश यादव

**गजब हरियाणा न्यूज/नरेंद्र धुमसी**

करनाल। उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना का लाभ उठाने के लिए अब वृद्धजनों को सर्वे का इंतजार नहीं करना पड़ता बल्कि ऑनलाईन व्यवस्था शुरू होने से 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर हरियाणा सरकार की ओर से संबंधित व्यक्ति के मोबाईल नम्बर पर संदेश आता है कि आप वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना के पात्र हो चुके हैं और नजदीक के सीएससी सेंटर पर जाकर सभी आवश्यक दस्तावेज के साथ ऑनलाईन आवेदन करवा सकते हैं। ऑनलाईन प्रक्रिया के शुरू होने से अब वृद्धजनों को जिला मुख्यालय पर स्थित सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते बल्कि गांव व आस-पास के नजदीक ही सीएससी सेंटरों में अपना आवेदन ऑनलाईन करवाकर योजना का लाभ उठा रहे हैं।

उपायुक्त ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सामाजिक, न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के माध्यम से वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन 2500 रुपये मासिक पेंशन, लाडली सामाजिक सुरक्षा भत्ता योजना के तहत 2500 रुपये मासिक, निराश्रित बच्चों को 1600 रुपये प्रतिमाह प्रति बच्चा, किन्नर भत्ता 2500 रुपये मासिक, स्कूल न जाने वाले दिव्यांग बच्चों को 1900 रुपये मासिक भत्ता दिया जा रहा है।

**जिला में 1 लाख 8 हजार 174 लाभार्थियों को मिल रहा वृद्धावस्था सम्मान भत्ता का लाभ - उपायुक्त अनीश यादव**

उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा सामाजिक, न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के तहत 2500 रुपये प्रतिमाह के हिसाब से पेंशन राशि उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना के तहत जिला में 1 लाख 8 हजार 174 लाभार्थियों को इस योजना का लाभ मिल रहा है।

उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि जिला में विधवा पेंशन योजना के तहत 54 हजार 559 महिला लाभार्थियों को हर माह 2500 रुपये के हिसाब से प्रत्येक लाभार्थी को वितरित की जा रही है।

उन्होंने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिव्यांगजनों को पेंशन दी जाती है। इस योजना के तहत जिला में 13 हजार 762 लाभार्थियों के बैंक खाते में हर माह 2500 रुपये की राशि पेंशन के रूप में सरकार की ओर से जमा करवाई जाती है।

उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा जिन दम्पत्तियों के पास केवल लड़कियां हैं, उन्हें लाडली सामाजिक सुरक्षा भत्ता योजना के तहत लाभ दिया जाता है। जिला में इस योजना के तहत 2 हजार 847 लाभार्थियों के बैंक खाते में हर माह 2500 रुपये की राशि पेंशन के रूप में सरकार की ओर से जमा करवाई जाती है।

**निराश्रित बच्चों को दी जा रही है वित्तीय सहायता - उपायुक्त अनीश यादव**

उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि समाज कल्याण विभाग के माध्यम से जिला में निराश्रित बच्चों की वित्तीय सहायता योजना के तहत 12 हजार 878 बच्चों को 1600 रुपये प्रतिमाह तथा जो दिव्यांग बच्चे स्कूल नहीं जाते, के लिए शुरू की गई वित्तीय सहायता योजना के तहत जिला में 1070 बच्चों को 1900 रूपये प्रतिमाह के हिसाब से राशि हर माह प्रदान की जाती है।

# व्हाइट गुड्स में भारत को नंबर वन बनाने की पहल

## PLI स्कीम से 2 लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के खुलेंगे अवसर

व्हाइट गुड्स मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पीएलआई स्कीम को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी के तहत 19 कंपनियों ने व्हाइट गुड्स के लिए पीएलआई योजना के दूसरे दौर में आवेदन दाखिल किया है। इसके लिए प्रमुख वैश्विक और घरेलू कंपनियों ने 1,548 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है।

**क्या है व्हाइट गुड्स उत्पाद**

टेलीविजन, वॉशिंग मशीन, डिश वॉशर, एयर कंडीशनर, फूड प्रोसेसर और एलईडी लाइट्स आदि व्हाइट गुड्स यानि श्वेत उत्पादों में आते हैं। कुछ समय पहले तक व्हाइट गुड्स का भारत आयात करता था। लेकिन मेड इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के तहत क्क्ष्ठ स्कीम के जरिए भारत सरकार देश में ही इन उत्पादों को मैन्यूफैक्चरिंग करने के लिए कंपनियों को इंसेंटिव दे रही है।

**इन कंपनियों ने किया आवेदन**

पीएलआई योजना के लिए दूसरे चरण में इस बार एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स, मित्सुबिशी इलेक्ट्रिक, अडानी कॉपर ट्यूब्स, जिंदल पॉली फिल्म्स, क्रॉम्पटन ग्रीव्स, विप्रो, जेको एयरकॉन, स्टारियन इंडिया और स्वामीनाथन एंटरप्राइजेज जैसी कई कंपनियां उन कंपनियों में शामिल हैं, जिन्होंने एयर कंडीशनर और एलईडी लाइट्स के पुर्जों के निर्माण के लिए आवेदन किया है।

**इन पुर्जों को करेंगे निर्माण**

कंपनियों ने उन पुर्जों के उत्पादन के लिए आवेदन दायर किए गए हैं, जो वर्तमान में पर्याप्त क्षमता के साथ भारत में निर्मित नहीं हैं। एयर कंडीशनर के लिए, कंपनियां कॉपर टयूबिंग, कंप्रेसर, आईडीयू या ओडीयू के लिए कंट्रोल असेंबली, हीट एक्सचेंजर और बीएलडीसी मोटर सहित अन्य पुर्जों का निर्माण करेंगी। इसी तरह, एलईडी लाइट्स के लिए एलईडी चिप पैकेजिंग, एलईडी ड्राइवर्स, एलईडी इंजन, एलईडी लाइट मैनेजमेंट सिस्टम और कैपेसिटर आदि के लिए मेटलाइजर फिल्मों का निर्माण भारत में किया जाएगा।

**7,074 करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद**

कुल मिलाकर, यह योजना एसी और एलईडी लाइट उद्योग के पुर्जे निर्माण इको-सिस्टम में 7,074 करोड़ रुपये का निवेश लाएगी और लगभग 2 लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा करेगी। इस योजना से भारत में करीब 1,07,134 करोड़ रुपये मूल्य के एसी और एलईडी के पुर्जों के उत्पादन की उम्मीद है।

**क्या है PLI स्कीम?**

विदेशी कंपनियों को भारत में सामान बनाने के लिए आकर्षित करने के लिए सरकार ने प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम की शुरुआत की है। इसके तहत केंद्र सरकार अगले 5 सालों में भारत में सामान बनाने वाली कंपनियों को 1.46 लाख करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि देगी। इस स्कीम के तहत 13 सेक्टर में 2 लाख करोड के निवेश और 1 करोड लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। इस स्कीम का लाभ भारत के उभरते हुए सेक्टर- खाद्य



प्रसंस्करण, उन्नत रसायन विज्ञान, ऑटोमोबाइल, नेटवर्किंग उत्पाद, टेलिकॉम, फार्मा और सोलर पीवी निर्माण आदि ले सकते हैं। इस योजना के तहत पीएम मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के आह्वान ने मैन्युफैक्चरिंग को अहम स्थान दिला दिया है और भारत के विकास और रोजगार सृजन में इसके महत्व पर जोर दिया है।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 6,238 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ वित्त वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2028-29 तक व्हाइट गुड्स (एयर कंडीशनर और एलईडी लाइट) के लिए पीएलआई योजना को 7 अप्रैल 2021 को मंजूरी दी थी।

**4 प्रतिशत से 6 प्रतिशत की दर से दी जाएगी प्रोत्साहन राशि**

व्हाइट गुड्स पर पीएलआई योजना भारत में एयर कंडीशनर और एलईडी लाइट्स उद्योग के लिए सम्पूर्ण पुर्जे इकोसिस्टम बनाने और भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का एक अभिन्न अंग बनाने के लिए तैयार की गई है। पीएलआई योजना के तहत एयर कंडीशनर तथा एलईडी लाइट के निर्माण से जुडी कंपनियों को अगले 5 वर्षों के दौरान भारत में निर्मित वस्तुओं की बढती हुई बिक्री पर 4 प्रतिशत से 6 प्रतिशत की दर से इंसेंटिव राशि दी जाएगी। वैश्विक निवेश आकर्षित करने के लिए विभिन्न प्रकार के कल-पुर्जों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न क्षेत्रों को चुना गया है। तैयार वस्तुओं को सिर्फ जोडने (असेम्बल) के लिए प्रोत्साहन राशि नहीं दी जाएगी।

**क्यों है जरूरी**

इस योजना के तहत छोटे-छोटे पुर्जे ज्यादातर उपकरण एमएसएमई बनाते हैं, ऐसे में एमएसएमई क्षेत्र को फायदा होगा और बड़े स्तर पर भारत में रोजगार सृजित होंगे। साथ ही साथ इस योजना से भारत को एसी और एलईडी उपकरणों के निर्माण क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी। यह पीएलआई स्कीम भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को काफी आगे लेकर जाएगी। इस योजना से वैश्विक निवेश आकर्षित करने, बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करने और निर्यात में काफी वृद्धि होने की उम्मीद है। इस योजना से शोध, विकास व नवाचार में निवेश तथा प्रौद्योगिकी उन्नयन में सहायता मिलेगी।

## दान



भगवान बुद्ध एक पेड़ के नीचे चबूतरे पर बैठे हुए थे। हर भक्त की भेंट स्वीकार कर रहे थे। तभी एक वृद्धा आई। उसने कांपती आवाज में कहा, ''भगवन, मैं बहुत गरीब हूं। मेरे पास आपको भेंट देने के लिए कुछ भी नहीं है। हां, आज एक आम मिला है। मैं इसे आधा खा चुकी थी, तभी पता चला कि तथागत आज दान ग्रहण करेंगे। अतः मैं यह आम आपके चरणों में भेंट करने आई हूं। कृपा कर इसे स्वीकार करें।''

गौतम बुद्ध ने अपने पात्र में एक आधा आम प्रेम और श्रद्धा से रख दिया, मानो कोई बड़ा रत्न हो। वृद्धा संतुष्ट भाव से लौट गई। वहां उपस्थित राजा यह देखकर चकित रह गया। उसे समझ नहीं आया कि भगवान बुद्ध वृद्धा का जूठा आम प्राप्त करने के लिए आसन छोड़कर नीचे तक, हाथ पसार कर क्यों आए?

पूछा, ''भगवन् इस वृद्धा में और इसकी भेंट में क्या ऐसी विशेषता है?''

बुद्ध मुस्कुराकर बोले, ''राजन, इस वृद्धा ने अपनी सम्पूर्ण संचित पूंजी मुझे भेंट कर दी जबकि आप लोगों ने अपनी सम्पूर्ण सम्पत्ति का केवल एक छोटा भाग ही मुझे भेंट किया है। दान के अहंकार में डूबे हुए बग्घी पर चढ़कर आए हो। वृद्धा के मुख पर कितनी करूणा और कितनी नम्रता थी। युगों-युगों के बाद ऐसा दान मिलता है।''


'गजब हरियाणा' समाचार पत्र में विज्ञापन, लेख व समाचार देने के लिए सम्पर्क करें।
91382-03233


# श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर की उपाधि से विभूषित हुए एडवोकेट स्वामी ज्ञाननाथ जी महाराज

### * उच्च कोटि के महापुरुष, ब्रह्मज्ञानी, तत्वेता, तत्वदर्शी, संत हैं स्वामी ज्ञाननाथ जी महाराज

### * सतगुरूदेव प्रियतम नाथ जी महाराज का आदेश था कि अब आपने इसी भगवें चोले में ही रहना

**गजब हरियाणा न्यूज/राहुल**

अंबाला । महाकाल भैरव अखाडा, महाराष्ट्र ठाणे के अनंत विभूषित सुप्रीमो श्री श्री 1008 आचार्य महामंडलेश्वर सुरेशचंद्र ए उपाध्याय के आर्शिवाद एवं आदेशानुसार महामंडलेश्वर राजानाथ जी महाराज, महाकाल भैरव अखाडा महाराष्ट्र ठाणे ने निराकारी जागृति मिशन नारायणगढ अंबाला हरियाणा केगद्दीनशीन राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संत सुरक्षा मिशन भारत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट स्वामी ज्ञान नाथ जी महाराज को 27 अप्रैल 2022 को महाकाल भैरव अखाडा महाराष्ट्र ठाणे के श्री श्री 2008 महामंडलेश्वर की उपाधि एवं सम्मान पत्र देकर विभूषित किया। यह उपाधि एवं सम्मान स्वामी ज्ञान जी महाराज के भारतीय सत्यम्-शिवम्-सुंदरम संस्कृति और संस्कार, गुरू-शिष्य परंपरा के प्रचार-प्रसार एवं अन्य सामाजिक कार्यो में विशेष योगदान और अखंड निर्विघ्न समर्पण तथा समाज में विख्यात निस्वार्थ सेवा, आध्यात्मिक दृष्टि से जनकल्याण, साधना, भक्ति परमार्थँ पुरूषार्थ आदि कार्यों का सूक्ष्म विवेचन एवं मूल्यांकन करने के बाद दिया गया। स्वामी ज्ञान नाथ जी महाराज का जन्म गांव बधौली, अंबाला, हरियाणा में 7 मई 1963 को परमपूजनीय पिता श्री केशो राम, माता श्री लाजवंती के घर हुआ। स्वामी जी ने प्रारंभिक शिक्षा अपने पैतृक गांव बधौली से ग्रहण की। ग्रेजुएशन और वकालत की डिग्री पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ से प्राप्त की। स्वामी जी नारायणगढ बार एसोसिएशन के सदस्य भी है। एडवोकेट की प्रेक्टिस और पी.जी.आई चंडीगढ से सर्विस छोडकर परमात्मा के निर्गुण निराकार स्वरूप का ज्ञान-ध्यान एवं बोध करवाकर जीव को अपने असली परिचय के लिए प्रचार प्रसार करते हुए अपना पूरा जीवन सर्वसमाज में आत्म जागृति और भारतीय सत्यम-शिवम-सुंदरम संस्कृति को बरकरार और जीवांत रखने के लिए समर्पित कर दिया। बचपन से त्यागी और वैरागी वृति होने के कारण आपने प्रारंभिक शिक्षा लेने के बाद सतगुरूदेव प्रियतम नाथ जी महाराज की चरण-शरण में जाकर सन्यास ले लिया और घर-परिवार छोड दिया। आपकी परवरिश परमपूजनीय सतगुरू प्रियतम नाथ और माता श्री त्रिवैणी नाथ जी की देख-रेख में हुई। सतगुरूदेव प्रियतम नाथ जी महाराज का आदेश था कि अब आपने इसी भगवें चोले में ही रहना है। उच्च शिक्षा ग्रहण करके अपनी रोजी-रोटी खुद मेहनत करके कमानी है। किसी के उपर निर्भर नही रहना बल्कि आत्मनिर्भर बनना है। समाज के उपर बोझ नही बनना। मांग कर नही खाना बल्कि स्वयं कमाकर खाना है। शिक्षा और दीक्षा से सर्वसमाज की सेवा करनी है। सेवा करनी है करवानी नही। स्वामी जी ने भंगवे चोले में ही पंजाब युनिवर्सिटी मे उच्च शिक्षा ग्रहण की और लगभग 22-23 वर्ष पी.जी.आई चंडीगढ में सर्विस की। आप अपनी धुन के पक्के थे जो सतगुरूदेव का हुक्म था वही किया। आप हमेशा एंकातसेवी और धार्मिक कृत्यों तथा धम्रग्रंथों के पठन-पाठन मे व्यस्त रहते थे। स्वामी जी ने फरमाया कि उनके अंतःकरण में यहउदगार हमेशा उठते रहते थे कि आखिर वह कौन सी हस्ती है जो अखिल ब्रहाण्ड की क्रियाओं-प्रतिक्रियाओं




महाकाल भैरव अखाड़ा

विषय : पद नियुक्त पत्र

मैं सुप्रीमो सुप्रीमो श्री श्री १००८ आचार्य महामंडलेश्वर सुरेशचंद्र ए. उपाध्याय, आज २७-०४-२०२२ को एडवोकेट स्वामी ज्ञान नाथ जी महाराज को महाकाल भैरव अखाड़ा से श्री श्री १००८ महामंडलेश्वर की पदवी पर नियुक्त करता हूं।

को बहुत ही सुचारू ढंग से चला रही है। क्या ऐसी परमसता का दर्शन-दीदार, मिलन और प्रत्यक्ष में अनुभव और अंगसंग होने का एहसास हो सकता है। सतगुरूदेव प्रियतम नाथ जी महाराज ने कहा कि बेटा अब आगे का रास्ता आपको सतगुरूदेव लक्ष्मण सिंह जी महाराज बताएंगे। आप लगभग 12-13 वर्ष सतगुरूदेव लक्ष्मण सिंह जी महाराज का रूहानी सत्संग सुनते रहे और मन,वचन और कर्म से सेवा करते रहे। स्वामी जी ने कहा कि एक दिन शिव-रात्रि के दिन हूजूर लक्ष्मण सिंह जी महाराज महापुरुष बरखा राम बोह के साथ मेरे पास चंडीगढ आए और मुझे इस ओत-प्रोत एकरस हमेशा अंगसंग सर्वव्यापी, सर्वशक्तिमान जय श्री प्रियतम निर्गुण निराकार परमात्मा का खुली आंखो से दर्शन और पहचान करवाई, असली परिचय का ज्ञान और बोध करवाया। 10 मार्च 2002 गांव कुराली नारायणगढ में सतगुरूदेव लक्ष्मण सिंह जी महाराज ने सर्व साध-संगत के सामने आपको अपना जानशीन उतराधिकारी घोषित किया। संगरूर पंजाब में 21 अक्तूबर 2002 को सतगुरूदेव लक्ष्मण सिंह जी महाराज ने निराकारी जागृति मिशन पंजीकृत पत्र का विमोचन अपने कर-कमलो से किया और 17 नवंबर 2003 में सतगुरू देव लक्ष्मण सिंह जी महाराज एडवोकेट स्वामी ज्ञान नाथ जी महाराज को निराकारी जागृति मिशन की बागडोर सौंप कर निराकारलीन हो गए।

# सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों का त्वरित हो निपटारा: मुकुल

**गजब हरियाणा न्यूज**



कुरुक्षेत्र । उपायुक्त मुकुल कुमार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों का त्वरित निपटारा करते हुए एटीआर पोर्टल पर अपडेट करें। किसी विषय के समाधान में तकनीकी अड़चन आए तो वे उनसे संपर्क करें। वे वीरवार को लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में आफिसर्ज बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उपायुक्त ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने एरिया में ईंट भट्ठों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। ईंट भट्ठों पर कहीं किसी श्रमिक के साथ दुर्व्यवहार ना हो यह भी सुनिश्चित किया जाए। साथ ही ईंट भट्ठों पर इस्तेमाल किया जा रहा ईंधन भी एनजीटी के नियमों के अनुसार प्रयोग होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईंट भट्ठों पर कार्यरत ऐसा कोई मजबूर ना हो जो श्रम पोर्टल पर रजिस्टर्ड ना हो। हरियाणा सरकार सेवाओं में डिजिटलाइजेशन को बढावा दे रहीं है ताकि हरियाणा को भ्रष्टाचार मुक्त बनाया जा सके, क्योंकि अगर आप ऑनलाइन आवेदन करते है तो उस आवेदन को आप ऑनलाइन ही ट्रैक कर पाते है और लोगों के काम भी जल्दी हो जाते हैं।

उन्होंने बैठक में मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना, ई-ऑफिस, अंत्योदय, सीपीग्राम, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा, सक्षम युवा, प्रोजेक्ट उत्साह, परिवार पहचान पत्र, जल संरक्षण, स्वच्छ भारत मिशन सहित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। साथ ही राजस्व विभाग के अधिकारियों को जमाबंदी जल्द से जल्द पूरी करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त खरीफ सीजन की फसलों को हुए नुकसान का मुआवजा वितरण के कार्य को जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने बैठक में सीएससी सेंटरों की भी समीक्षा करते कहा कि अगर कोई भी सीएससी संचालक तय फीस से ज्यादा वसूल करता तो उसके खिलाफ संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत विभाग के अधिकारियों को प्रॉपर्टी कार्ड वितरण कार्य को तय समय में निपटाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को फसल अवशेष जलाने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। मेरी फसल मेरा ब्यौरा को लेकर आई शिकायतों का समाधान जल्द से जल्द किया जाए। सभी विभागाध्यक्षों निर्देशित करते हुए कहा कि वे अपने-अपने अधीन कर्मचारियों को प्रेरित करें कि वे कही भी बाल श्रम का मामला उनके संज्ञान में आए तो तुरंत प्रभाव से इसकी सूचना संबंधित अधिकारी को दें। बैठक में सभी विभागाध्यक्षों को ऑनलाइन पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के समाधान के निर्देश दिए।

हरियाणा करेगा खेलो इंडिया यूथ गेम-2021 की मेजबानी : मुकुल

## प्रदेश में 4 जून से 13 जून तक आयोजित होंगे खेलो इंडिया यूथ गेम



**गजब हरियाणा न्यूज**

कुरुक्षेत्र । उपायुक्त मुकुल कुमार ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में खेलो इंडिया यूथ गेम 2021 का आयोजन 4 से 13 जून 2022 तक किया जाएगा। इसमें अंडर 18 के 25 खेलों में 5 भारतीय खेल भी शामिल हैं और ये खेल पंचकूला के अलावा शाहाबाद, अंबाला, चंडीगढ़ और दिल्ली में आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि इन खेलों में देशभर के लगभग 8500 खिलाड़ी भाग लेंगे। खेलो इंडिया यूथ गेम में कोविड-19 नियमों का पूर्ण रूप से पालन किया जाएगा। खेलों के दौरान खिलाड़ियों के लिए टेस्टिंग की भी व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने खिलाडियों से आह्वान किया कि वे खेलो इंडिया यूथ गेम में कोविड-19 उचित व्यवहार की पालना करना सुनिश्चित करें।

# प्रियंका वर्मा पहले प्रयास में न्यायायिक दंडाधिकारी एवम न्यायाधीश बनी

## मध्य प्रदेश न्यायायिक सेवा में प्राप्त किया 22वां रैंक

## माता -पिता पुलिस में सेवारत दादा थे सैनिक

**गजब हरियाणा न्यूज/जरनैल रंगा**

कुरुक्षेत्र । कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से पांच वर्षीय बीएएलएलबी में वर्ष 2014 में प्रवेश लेकर 2019 में विश्वविद्यालय में स्वर्ण पदक विजेता प्रियंका वर्मा ने प्रथम प्रयास में मध्य प्रदेश न्यायिक सेवा में 22वां रैंक प्राप्त किया है। वर्ष 2020-2021 में पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ से एल एल एम किया। पहले ही प्रयास में यूजीसी नेट और जेआरएफ उत्तीर्ण किया। प्रियंका वर्मा के दादा कली राम खिप्पल एक सैनिक थे जबकि पिता डॉ. अशोक कुमार वर्मा हरियाणा पुलिस में उप निरीक्षक हैं और अब वे हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो में जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी के रूप में नियुक्त हैं। उनकी माता सुषमा वर्मा विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में नियुक्त हैं। प्रियंका वर्मा को बधाई देने के लिए दादी मूर्ति देवी, बुआ कमलेश वर्मा, चाचा विनोद कुमार वर्मा, चाची अंजू एवं गीता परिवार सहित उनके निवास पुलिस लाईन में धूमधाम से पहुंचे और शुभकामनाएं दी। प्रियंका वर्मा से वार्तालाप में उन्होंने कहा कि चयन का श्रेय भगवान की कृपा, माता पिता का आशीर्वाद,



अध्यापकों का मार्गदर्शन, भाई बहन और दोस्तों का सहयोग है। 'किसी व्यक्ति की सफलता का श्रेय उसके समस्त परिवार के सहयोग और त्याग का परिणाम होता है।' पिता डॉ अशोक कुमार वर्मा ने वार्तालाप में बताया कि उन्होंने बच्चों को बहुत पहले कह दिया था कि वे केवल उन्हीं शिक्षा और साधारण सुविधाएं ही दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने उनके लिए किसी भी प्रकार का धन संचय नहीं किया है और तुम्हें अपने बल पर अपने लक्ष्यों को प्राप्त करना है। वे केवल सीमित भौतिक सुख सुविधाएं ही दे सकते हैं और सादा जीवन जीने में विश्वास करते हैं। यही कारण है कि वे अधिकतर साईकिल पर चलते हैं। आज दिन भर उनके निवास पर बधाई देने वाले महानुभाव पहुंचे। बधाई देने वाले में न्यायाधीश के



माता पिता बृजेश शर्मा, डॉ भारतेन्दु हरीश, डॉ अरुण धीमान, दीपक चीबा सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# जिला पुलिस कुरुक्षेत्र ने मनाया पुलिस उपस्थिति दिवस

**गजब हरियाणा न्यूज/जरनैल रंगा**

कुरुक्षेत्र । पुलिस महानिदेशक हरियाणा के निर्देशानुसार दिनांक 28 अप्रैल जनवरी 2022 को जिला पुलिस कुरुक्षेत्र द्वारा पुलिस उपस्थिति दिवस मनाया गया ।

इस बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला ने बताया कि कुरूक्षेत्र पुलिस द्वारा पुलिस उपस्थिति दिवस के अवसर पर जिला में 11 स्थानों पर नाके लगाकर विशेष नाकाबंदी की गई। इसके साथ-साथ जिला में विशेष कार्यक्रम के तहत करीब 48 पैदल पैट्रोलिंग पार्टियां गश्त पर लगाई गई। यातायात व्यवस्था व दैनिक डयूटियों के अतिरिक्त करीब 250 पुलिस के कर्मचारियो/अधिकारियों को ड्यूटी पर लगाकर आम जनता के बीच पुलिस की उपस्थिति दर्ज करवाई गई।

जिला पुलिस कुरुक्षेत्र द्वारा पूरे जिले में पुलिस की उपस्थिति दर्ज करवाने के लिए सुबह 9 बजे से सायं 3 बजे तक यातायात व्यवस्था व दैनिक डयूटियों के अतिरिक्त करीब 250 पुलिस के अधिकारी/कर्मचारी पैदल गश्त तथा नाकाबन्दी पर जनता के बीच में मौजूद रहे। जिला कुरूक्षेत्र में मोहन नगर चौंक, पुराना बस अडडा, देवी लाल चौंक, पिपली चौंक,सेक्टर 2/3 कट, इन्द्री चौंक लाडवा, बराड़ा रोड़ शाहबाद, कुम्हार माजरा, टयूकर, अधौया व बस अड्डा पेहवा आदि पर विशेष नाके लगाए गए। इस अवसर पर पुलिस द्वारा जिला की गलियों, मार्किट एरिया व अन्य स्थानों पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। पुलिस अधीक्षक सहित सभी राजपत्रित अधिकारी, सभी प्रबंधक थाना व चौंकी इंचार्ज, 25 चिता राईडर, पीसीआर व स्कूटी आम लोगों के बीच उपस्थित रहे।



**पुलिस सदैव आमजन की सेवा में तत्पर है : पुलिस अधीक्षक**

पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला ने कहा कि पुलिस उपस्थिति दिवस मनाने का मकसद सेवा, सुरक्षा सहयोग के स्लोगन को चरितार्थ करना तथा आम जनता को विश्वास दिलाना है कि पुलिस सदैव आपकी सेवा में तत्पर है। इस बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र डॉ अंशु सिंगला ने बताया कि पुलिस उपस्थिति दिवस के दौरान नाकाबंदी व पैट्रोलिंग के माध्यम से संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखना, नशा तस्करी पर रोक लगाना, अवैध असला रखने वाले अपराधियों को पकडना, वाहन चोरी को रोकना व संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चैकिंग करना मुख्य लक्ष्य है। इसके साथ-साथ भीड भाड वाले स्थानों पर अवैध अतिक्रमण व अवैध पार्किंग को रोकना, स्थानीय अपराधियों की चैकिंग करना व यातायात नियमों की उल्लंघना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही करना शामिल है। पुलिस को अपने कार्य को निभाने के लिए आम लोगों के सहयोग की आवश्यकता है।




पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने से पहले अच्छी तरह पड़ताल कर लें । किसी उत्पाद या सेवाओं के संबध में किसी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की '**गजब हरियाणा**' समाचार पत्र की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। '**गजब हरियाणा**' समाचार पत्र के प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापनदाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेवार नहीं होंगे।

- समाचार पत्र के सभी पद अवैतनिक है। लेखकों के विचार अपने है। इनसे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नही है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र कुरुक्षेत्र होगा। प्रकाशित सामग्री से प्रिंटिंग प्रैस का कोई लेना देना नही है।
- समाचार पत्र से सम्बधिंत किसी भी प्रकार की आपत्ति या पूछताछ प्रकाशन तिथि के 15 दिन के अंदर संपादक के नोटिस में लाएं उसके पश्चात् किसी आपत्ति पर कोई भी कार्यवाही मान्य नही होगी या पूछताछ का जवाब देने के लिए समाचार पत्र या संपादक मंडल पाबंद नहीं होंगे।
- यदि ब्यूरो प्रमुख, पत्रकार व विज्ञापन प्रतिनिधि आदि लगातार 60 दिन तक समाचार पत्र के लिए काम नही करता है तो उसका समाचार पत्र से कोई संबंध नही होगा, ना ही उसके किसी भी दावे पर कोई विचार किया जाएगा।

### बीटीएफ ने जेल सुप्रिंडेंट सोमनाथ जगत को किया सम्मानित



गजब हरियाणा न्यूज

कुरुक्षेत्र । शुक्रवार को बीटीएफ के पदाधिकारियों ने जेल सुप्रिंडेंट सोम नाथ जगत से मुलाकात कर उनका कुशल अक्षेम जाना। बीटीएफ की टीम ने सोमनाथ जगत को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। बता दें सोमनाथ जगत अस्वस्थ होने के कारण 14 अप्रैल की भीम जागरूकता यात्रा मे नही पहुंच पाए थे। धर्मसिंह क्रांति ने कहा कि सोमनाथ बेहद सज्जन, खुशमिजाज व नेक दिल इंसान है। टीम ने जेल मे कार्यरत्त सुरेश नूनिया को उनकी शादी की सालगिरह की बधाई दी।

### राज्य में कांग्रेस पार्टी और कमजोर होगी : डॉ अशोक तंवर

### हरियाणा कांग्रेस में नई नियुक्तियों के बाद सब कुछ ठीक नहीं होने की जानकारी सामने आ रही है।



चंडीगढ़ । हरियाणा में आम आदमी पार्टी का कारवां बढ़ने को लेकर पार्टी नेता अशोक तंवर ने बड़ा दावा किया है। अशोक तंवर का कहना है कि आने वाले दिनों में राज्य में कांग्रेस पार्टी और कमजोर होगी। इसके साथ ही हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अशोक तंवर ने अपने पुराने साथियों से आम आदमी पार्टी ज्वाइन करने की अपील की।

कांग्रेस की राज्य इकाई के नए प्रमुख की नियुक्ति को लेकर हरियाणा में पार्टी नेताओं के एक वर्ग के बीच नाराजगी की बातें सामने आ रही हैं। दो साल पहले कांग्रेस छोड़ने के बाद इस महीने की शुरुआत में आप में शामिल हुए तंवर ने कहा कि कांग्रेस की हरियाणा इकाई के नए अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों की नियुक्ति इसके राज्य में एक व्यक्ति, एक परिवार पार्टी बनने का स्पष्ट संकेत है।

## अभी तक शुरू नहीं हुई पिपली से थर्ड गेट बस सेवा, खामियाजा भुगत रहे छात्र-छात्राएं

## जान जोखिम में डालकर विद्यालय में जाते हैं छात्र-छात्राएं

### बस में भीड़ का फायदा उठाकर अक्सर मनचले करते हैं लड़कियों से छेड़छाड़

### कुरुक्षेत्र डिपो के महाप्रबंधक बोले जल्द शुरू होगी पिपली से थर्ड ग्रेड बस सेवा शुरू

गजब हरियाणा न्यूज/रविन्द्र

पिपली । । पिपली से थर्ड गेट तक चलने वाली राज्य परिवहन की बस सेवा शुरू न होने के चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर विश्वविद्यालय जाने वाले छात्र-छात्राओं को भारी मशक्कत सहन करनी पड़ रही है। आलम यह है कि बसों में भेड़ भेड़ बकरियों की तरह भीड़ हो रही है और बस के पीछे लटक कर यात्री अपनी जान जोखिम में डालकर यात्रा करने को विवश हैं। ऐसे में राज्य परिवहन की कार्यप्रणाली पर है सवाल खड़े हो रहे हैं कि विभाग ने इतनी महत्वपूर्ण रोड पर चलने वाली बस सेवा को आखिर क्यों बंद किया हुआ है।



जबकि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने बस सेवा शुरू करने के लिए लाडवा के विधायक मेवा सिंह से भी गुहार लगाई थी। अब देखना होगा की बस सेवा कब शुरू होगी। या यूं ही छात्र छात्राओं को बस ना होने के चलते मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।

बता दें कि राज्य परिवहन कुरुक्षेत्र डिपो की ओर से पिपली से थर्ड गेट तक बस सेवा शुरू की गई है। यह बस सेवा कई वर्षों से चल रही है। कोरोना काल के चलते इस बस सेवा को बंद कर दिया गया था। हालांकि कोरोना की इस सामान्य है लेकिन बस सेवा शुरू नहीं की गई। बस सेवा शुरू न होने के चलते कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय मे शिक्षा ग्रहण करने जाने वाले छात्र-छात्राओं को भारी मुश्किलों से गुजरना पड़ रहा है। आलम यह है कि यमुनानगर से आने वाली बसों में पीछे से ही ज्यादा भीड़ रहती है। और पिपली पहुंचने पर तो बस में पैर रखने तक की जगह नहीं रहती। ऐसे में विश्वविद्यालय जाने वाली विशेषकर लड़कियों को काफी दिक्कत से गुजरना पड़ता है। भीड़ का फायदा उठाकर मनचले लड़कियों को छेड़ने से भी गुरेज नहीं करते। ऐसे में लड़कियों को भीड़ में अपने को सुरक्षित रखने में काफी सावधानियां बरतनी पड़ती हैं । छात्र-छात्राओं ने प्रशासन से गुहार लगाई कि बस सेवा को जल्द शुरू की जाए ताकि वे समय पर क्षेत्र विद्यालय में पहुंच सके ताकि उनकी पढ़ाई सुचारू रूप से चल सके।

दूसरी ओर यह भी देखने में आ रहा है की पिपली चौक पर बसों के ठहराव से अक्सर वहां पर जाम की स्थिति बनती है। जबकि पूर्व में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग ने ऐसे प्रबंध किए थे की बसों का ठहराव पिपली चौक पर बिल्कुल बंद कर दिया गया था। निर्धारित स्थानों पर ही बस में रुकती थी। लेकिन उनके तबादले के बाद से फिर से वही खेल शुरू है। प्रशासन को चाहिए पूर्व की तरह यहां पर बसों के ठहराव के प्रबंध की व्यवस्था करें। ताकि भविष्य में जाम न लगे।

जब इस बारे में राज्य परिवहन के क्षेत्र डिपो के महाप्रबंधक अशोक मुंजाल से बातचीत की गई तो उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि अगले 1 या 2 दिन में पिपली से थर्ड गेट बस सेवा को शुरू कर दिया जाएगा। विभाग इसके लिए तेयारियां कर रहा है जल्द ही लोगों को मुश्किलों से मुक्ति मिलेगी।

## मारपीट करके नकदी व मोबाईल छीनने का दूसरा आरोपी गिरफ्तार




गजब हरियाणा न्यूज

कुरुक्षेत्र । अपराध अन्वेषण शाखा-1 ने मारपीट करके नकदी व मोबाइल छीनने के दूसरे आरोपी प्रदीप उर्फ विक्की पुत्र ओमप्रकाश वासी नजदीक गोल्डन पार्क महेश नगर अम्बाला कैंट को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की । यह जानकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कर्ण गोयल ने दी ।

उन्होंने बताया कि दिनांक 5 अगस्त 2021 को जयप्रकाश पुत्र रचना राम वासी गांव हमीदपुर ने थाना बाबैन पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि वह दिनांक 5 अगस्त 2021 को अपनी मोटरसाईकिल पर गांव देवीदासपुरा से अपने घर गांव हमीदपुर जा रहा था । जिस समय वह गांव फरदलपुर व चांदपुर के बीच श्मशान घाट के आस पास था तो उसी समय एक मोटरसाईकिल पर तीन नामपता नामालुम लडके आये। वह उन्होंने रास्ता पूछने के बहाने उसको रुकवा लिया। उनमें से एक लडके ने उसकी पीठ पर नुकीली चीज लगाकर उसकी जेब से 6 हजार रुपए छीन लिए और दूसरे ने उसका मोबाईल फोन छीन लिया। उन्होंने उसकी मोटरसाईकिल की चाबी छीन ली और मौका से फरार हो गये। जिसकी शिकायत पर थाना बाबैन में मामला दर्ज करके जांच अपराध अन्वेषण शाखा-1 को सौंपी गई।

दिनांक 22 जनवरी 2022 को अपराध अन्वेषण शाखा-1 के सहायक उप निरीक्षक सुधीर कुमार की टीम ने मामले में गहनता से जांच करते हुए आरोपी नेक मोहम्मद पुत्र रतन वासी खानपुर ब्राह्मणा थाना पंजोखरा जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से वारदात में छीना गया मोबाईल फोन बरामद कर लिया था । आरोपी ने पुलिस की पूछताछ पर बताया कि उसने यह मोबाईल प्रदीप उर्फ विक्की पुत्र ओमप्रकाश वासी नजदीक गोल्डन पार्क महेश नगर अम्बाला कैंट से खरीदा था। आरोपी को माननीय अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया था ।

दिनांक 28 अप्रैल 2022 को अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार चौहान के मार्ग निर्देश में सहायक उप निरीक्षक सुधीर कुमार की टीम ने आरोपी प्रदीप उर्फ विक्की पुत्र ओमप्रकाश वासी नजदीक गोल्डन पार्क महेश नगर अम्बाला कैंट को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर माननीय अदालत में पेश किया । जिसको माननीय अदालत के आदेश से 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयोग किया गया सुआ बरामद कर लिया। जांच जारी है।

## अब राजकीय स्कूलों में पढ़ने के लिए होनहार बेटे व बेटियों को सरकार की तरफ से मिलेगा टैबलेट : मुकुल

गजब हरियाणा न्यूज/जरनैल रंगा



कुरुक्षेत्र । अब राजकीय स्कूलों में पढ़ने के लिए होनहार बेटे व बेटियों को राज्य सरकार की तरफ से टेबलेट दिया जाएगा। इस टैबलेट में विशेष सॉफ्टवेयर होने के साथ-साथ नेट की सुविधा भी होगी। इन टेबलेट को विद्यार्थियों को सुपुर्द करने के लिए तैयार किया जा रहा है। इस टेबलेट को मुख्यमंत्री मनोहर लाल 5 मई को ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से वितरण करने की प्रक्रिया को शुरू करेंगे। अहम पहलू यह है कि प्रदेश भर में 5 लाख विद्यार्थियों को टैबलेट दिया जाएगा। इनमें से कुरुक्षेत्र के लगभग 1930 विद्यार्थियों को टैबलेट दिया जाएगा। यह टैबलेट 9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को दिया जाना है, फिलहाल यह टैबलेट 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को 5 मई को दिया जा रहा है।

उपायुक्त मुकुल कुमार टेबलेट वितरण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को लघु सचिवालय उपायुक्त कार्यालय में अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के समय महामारी के कारण जब स्कूल बंद हो गए थे। उस समय आनलाइन प्रणाली से शिक्षा ग्रहण करने का एकमात्र माध्यम बचा था। इस संकट की घड़ी में जिन बच्चों के पास स्मार्ट फोन थे वह बच्चे आनलाइन प्रणाली से शिक्षा ग्रहण कर रहे थे और कुछ ऐसे होनहार विद्यार्थी थे जिनके पास स्मार्ट फोन नहीं थे। इस स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल और शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने होनहार बच्चों को टेबलेट देने की घोषणा की थी। इस घोषणा के अनुसार सरकार अब राजकीय स्कूलों के विद्यार्थियों को अब टेबलेट उपलब्ध करवाने जा रही है। इसके लिए अब प्रदेश के प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर टेबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन 5 मई को होने जा रहा है। इस 5 मई को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ऑनलाइन प्रणाली से प्रदेश के 5 लाख विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित करने की प्रक्रिया का आगाज करेंगे।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के आदेशानुसार कुरुक्षेत्र जिला में भी ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन करके लगभग 1930 टेबलेट वितरित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम की तैयारियों के लिए जिला शिक्षा अधिकारी अरूण आश्री को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। सभी जगहों पर कार्यक्रम की तैयारियां समय रहते पूरी करने के आदेश दिए है। इतना ही नहीं विश्वविद्यालय दूसरे गेट के पास राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल 5 मई को ऑनलाइन प्रणाली से बातचीत भी कर सकते है। उन्होंने इस कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरे करने के आदेश दिए है। जिला शिक्षा अधिकारी अरूण आश्री ने कहा कि कुरुक्षेत्र के संस्कृत मॉडल स्कूल में थानेसर ब्लॉक का कार्यक्रम होगा।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की लगभग 632 छात्राओं को टैबलेट वितरित किए जाएंगे। इसके अलावा लाडवा ब्वॉय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 408, जीएसएसएस शाहबाद में 411, जीएस गर्ल्स स्कूल पिहोवा में 211, राजकीय स्कूल मंगोली जाटान बाबैन में 268 टेबलेट वितरित किए जाएंगे। यह टैबलेट प्रथम चरण में 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को दिए जाएंगे। सभी स्कूलों में विद्यार्थियों से आरडीडी प्रूफ लेकर टैबलेट को तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। इस मौके पर एडीसी अखिल पिलानी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सतनाम भट्टी आदि अधिकारी मौजूद थे।

## धान की सीधी बिजाई पर 4000 रुपए प्रति एकड़ मिलेगा प्रोत्साहन: मुकुल

गजब हरियाणा न्यूज

कुरुक्षेत्र , उपायुक्त मुकुल कुमार ने कहा कि किसानों को अटल भूजल योजना के तहत पानी बचाने के लिए धान की सीधी बिजाई को बढ़ावा देने के लिए 4000 रुपए प्रति एकड़ का प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

उपायुक्त मुकुल कुमार ने शुक्रवार को देर सायं जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि राज्य सरकार की तरफ से अटल भूजल योजना के तहत पानी बचाने के लिए धान की सीधी बिजाई को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके लिए वर्ष 2022-23 के तहत कृषि विभाग की तरफ से धान की सीधी बिजाई पर 4000 रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन प्रदान किया जा रहा है। इस वर्ष जिला कुरुक्षेत्र में 10 हजार प्रति एकड़ धान की सीधी बिजाई का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि किसान जितने एकड़ में धान की सीधी बिजाई करेगा उसको उतने एकड़ की 4 हजार रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके लिए इच्छुक किसान 30 जून 2022 तक मेरा फसल मेरा पोर्टल या डब्लयूडब्लयूडब्लयू डॉटएग्रीहरियाणाडॉटइन पर अपना पंजीकरण करवा सकता है। सरकार द्वारा चलाई जा रही इस योजना का लाभ उठाया जा सकता है। इसके लिए किसान को अपने आप को पंजीकृत करवाना होगा तभी इस योजना का लाभ मिल पाएगा।

# जिला प्रशासन के पिपली में अतिक्रमण हटाने के आदेश हवा हवाई

## पिपली में अतिक्रमण लोगों के लिए बनता जा रहा नासूर

### दुकानदारों ने अतिक्रमण की सभी हदें की पार,फुटपाथ पर भी दुकानदारों का कब्जा,जनता को फुटपाथ पर चलने का भी नहीं रहा हक

**गजब हरियाणा न्यूज/जरनैल रंगा**

कुरुक्षेत्र । जिला प्रशासन ने अतिक्रमण पर अंकुश लगाने के लिए कमर कसी हुई है। लेकिन इसके बावजूद अभी भी पूरी तरह से अतिक्रमण पर नकेल नहीं कसी गई है। अतिक्रमण आज भी लोगों के लिए नासूर बनता जा रहा है। हालात ऐसे हैं की दुकानदारों ने अतिक्रमण की सभी हदें पार कर रखी है। इतना सामान दुकान के अंदर नहीं होता जितना दुकान के बाहर रखा होता है। वही फुटपाथ पर भी दुकानदारों का कब्जा है। फुटपाथ पर कहीं बोर्डिंग रखे हैं तो कहीं पर दुकानदारों का सामान रखा है। इन सब व्यवस्थाओं के चलते बेचारी जनता को फुटपाथ पर चलने का भी हक नहीं रहा। ऐसे में जिला प्रशासन की मुहिम दम तोड़ती नजर आ रही है।

पिपली में काफी अरसा पहले जिला प्रशासन ने अतिक्रमण पर अंकुश लगाने के लिए सख्त निर्देश जारी किए थे और बकायदा अधिकारियों को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। लेकिन यह आदेश हवा हवाई हो रहे हैं। आलम यह है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों और रेहडियो और दुकानदारों का सरेआम सड़क पर कब्जा है। जबकि जिला प्रशासन के अधिकारी यहां से रोजाना गुजरते हैं। अतिक्रमण के चलते जहां समस्याएं मुखर हो रही हैं। वहीं दूसरी ओर यातायात भी प्रभावित हो रहा है। अतिक्रमण के चलते कई बार तो सड़कों पर जाम की स्थिति बन जाती है पिपली के लाडवा रोड पर रेहडियो प्रमाण है जो अतिक्रमण का साफ जीता जागता प्रमाण है। तो दूसरी ओर अंबाला रोड पर अवैध रूप से खड़ी रेहडियो नियमों को ताक पर रखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग तक पहुंच चुकी हैं। एक पार्किंग चलाने वाले ने तो वाहनों को सड़क पर ही पार्क किया हुआ है जिससे शाम के समय जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। रोड पर वाहनों की आवाजाही में खलल पैदा होता है। दुकानों से सामान खरीदने वाले व्यक्ति भी आपने वाहनों को भी सड़क पर खड़ा कर देते हैं।

वहीं करनाल व लाडवा रोड पर भी इसी स्थिति इसी तरह का नजारा देखने को मिलता है यहां पर भी दुकानदारों ने नजराना का खेल खेलते हुए अपने आगे अवैध रूप से रेहडियो को खड़ा कर रखा है। इन अवैध रेहड़ियों से दुकानदार रोजाना और मासिक आधार पर पैसे लेते हैं। अगर कुरुक्षेत्र रोड की बात करें तो यहां पर भी अतिक्रमण ने सभी हदें पार की हुई है दूसरी ओर सभी सड़कों पर अवैध रूप से खड़े दोपहिया वाहन चालकों ने स्थिति को और बिगाड़ रखा है जिसके कारण रोजाना सड़कों पर जाम लगते हैं इतना ही नहीं अतिक्रमण से समस्याएं भी ज्यादा मुखर हो रही हैं लोगों ने मांग की है कि अतिक्रमण पर तुरंत नकेल कसी जाए और फुटपाथ ऊपर हो रहे अतिक्रमण को हटाया जाए ताकि जनता फुटपाथ का प्रयोग कर सकें।





**इस बारे में जब यातायात प्रभारी रामकरण से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि पुलिस समय-समय पर सड़कों पर हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए अभियान चलाती है और पुलिस ने सड़कों से अतिक्रमण हटाया भी है। लेकिन बार-बार दुकानदार और रेहड़ी चालक अतिक्रमण कर लेते हैं। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के आदेशों का सख्ती से पालन किया जाएगा। और एक बार फिर अभियान चलाकर सड़कों पर हुए अतिक्रमण को हटाने का काम किया जाएगा।**

# विजय सांपला दूसरी बार राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन नियुक्त

चंडीगढ़ । भारत के राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द द्वारा विजय सांपला को राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। सांपला पंजाब के एक प्रमुख दलित चेहरा है जिन्हें दूसरी बार चेयरमैन नियुक्त किया गया है।

जालंधर कैंट में स्थित गांव सोफी पिंड के सरपंच के तौर पर 1998 में अपना राजनीतिक सफर शुरू करने वाले सांपला होशियारपुर से लोकसभा सांसद के साथ साथ केन्द्रीय मंत्री रह चुके हैं। भाजपा का सफर सांपला ने 1998 में भाजपा के जालंधर छावनी मंडल के महामंत्री से शुरू करने के उपरांत 1999 में जालंधर कैंट में भाजपा मंडल के अध्यक्ष रहे। 2001 में विजय सांपला को पंजाब भाजपा कर अनुसूचित जाती मोर्चा का अध्यक्ष बनाया गया। 2002 में प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष, 2003 से 2007 प्रदेश महामंत्री, 2007 से 2011 एवं 2013 से 2014 प्रदेश उपाध्यक्ष और 2016 में पंजाब भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष रहे।

पंजाब सरकार में सांपला 2008 से 2012 पंजाब खादी बोर्ड के चेयरमैन और 2014 में पंजाब स्टेट फॉरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन का चेयरमैन रहे। सांपला ने महामहिम राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का धन्यवाद करते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व को विश्वास दिलाया कि उनकी आशा-इच्छा पर वह पूरा उतरेंगे।



# आवारा गौवंश प्रबन्धन की तुरन्त प्रभाव से व्यवस्था करें सम्बन्धित अधिकारी

## नगर परिषद के अधिकारियों को विशेष ध्यान देने की जरूरत

### दुर्घटना संभावित क्षेत्रो में लगाएं जाए सांकेतिक बोर्ड : डीसी प्रदीप दहिया

**गजब हरियाणा न्यूज**

कैथल,उपायुक्त प्रदीप दहिया ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कहा कि जिला में विशेषकर शहर में आवारा गौवंश प्रबंधन की व्यवस्था तुरंत प्रभाव करने की जरूरत है। नगर परिषद के अधिकारियों को चाहिए कि वे इस और विशेष ध्यान दें। किसी भी प्रकार की लापरवाही के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। डीसी प्रदीप दहिया वीरवार लघु सचिवालय के हॉल में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उपस्थित अधिकारियों द्वारा किए गए और किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

उपायुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि कहीं भी अवैध कट नहीं होना चाहिए। एनएचएआई के अधिकारियों को विशेष ध्यान देने की जरूरत है कि कहीं भी अवैध कट नहीं होने चाहिए। यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए सांकेतिक चिन्ह अवश्य लगाए जाएं। जेब्रा क्रोसिंग इत्यादि की भी व्यवस्था होनी चाहिए। इतना ही नहीं जिन सांकेतिक बिंदूओं के पास खड़े वृक्ष की टहनियां लटक रही हैं, उनको भी छंगवाया जाना चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना नहीं हो सके। बैठक में स्पीड ब्रेकर संबंधित विषय को लेकर भी चर्चा की गई और अधिकारियों से इस विषय को लेकर सुझाव भी मांगे गए। राजौंद से पूंडरी वाली सड़क की पैच वर्किंग का कार्य भी पूरा करके रिपोर्ट भिजवाएं। बैठक में खरकां से गुहला, खरक पांडवा के पास ड्रेन, कैथल-करनाल रोड के पास ओवर ब्रिज संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की गई।

बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि नगर परिषद क्षेत्र में जरूरत अनुसार रेड लाईट की व्यवस्था भी होनी चाहिए और जहां पर लाईटें खराब पड़ी हैं, उन्हें तुरंत प्रभाव से ठीक करवाया जाए। एमसी एरिया में नगर परिषद के अधिकारियों की डयूटी बनती है कि वे तुरंत प्रभाव से इस कार्य को करें और संबंधित एसडीएम निगरानी करें कि किस एरिया में रैड लाईट लगी है और कहां लगाई जानी है। जिला के सभी क्षेत्रों में कहीं भी अंधे और अवैध कट नहीं होने चाहिए। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को कहा कि उन वृक्षों की छंटनी अवश्य करवाएं, जिनके कारण यातायात प्रभावित होने का अंदेशा है। कैथल-चीका रोड पर जो रिपेयर का कार्य चल रहा है, उसे सावधानी के साथ पूरा करने की जरूरत है।



उन्होंने कहा कि नीम साहिब गुरुद्वारा के पास सड़क के नवीनीकरण तथा किठाना से पेगा रोड पर होने वाले कार्यों को तुरंत प्रभाव से पूरा किया जाए और किए गए कार्य की रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को भेजी जाए। उपायुक्त ने बैठक में संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जो बिजली के खंभे सड़क के बीच में लगे हैं, उनको व्यवस्थित करने के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क पर कहीं भी गड्ढेनजर नहीं आने चाहिए। दुकानों और शोरूम के सामने अवैध पार्किंग नजर नहीं आनी चाहिए, चूंकि अवैध पार्किंग से यातायात प्रभावित होती है। पूंडरी से ढांड जाने वाली सड़क पर नहर के ऊपर पुल बनाया जा रहा है, वहां पर गाडियां सुचारू रूप से जानी चाहिए, इसके लिए प्रभावशाली कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों से चालान संबंधित विषय पर भी जानकारी ली। इस मौके पर जिला पुलिस कप्तान मकसूद अहमद, एसडीएम राकेश संधु, सुशील कुमार, आरटीए गिरिश चावला, सीईओ सुरेश राविश, डीआईपीआरओ धर्मवीर सिंह के अलावा अन्य विभागों के उच्चाधिकारी मौजूद रहे।


बैठक में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आज की बैठक में अवैध कटों या फिर अन्य संबंधित जो फोटो या वीडियो दिखाए गए हैं, ऐसी वीडियो ठीक होने के बाद भी संबंधित स्थानों की अवश्य दिखाएं, ताकि प्रशासन के अधिकारियों के साथ-साथ आमजन को भी पता चले कि पिछली मीटिंग में जो कार्य सौंपे गए थे वो इस मीटिंग में पूरे किए गए हैं। ठीक किए गए कार्यो की फोटो और वीडियो अवश्य होनी चाहिए।

**बैठक में उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि स्कूल बसों में निर्धारित मापदंड के तहत व्यवस्था होनी चाहिए। चालक और परिचालक निर्धारित वर्दी में हो तथा उनके पास लाईसैंस भी होने चाहिए। संबंधित बसों की लाईटें ठीक होनी चाहिए और इसके साथ-साथ इंडिकेशन भी काम करते नजर आने चाहिए। संबंधित विभागों के अधिकारी इसे सुचारू रूप से कार्य रूप में परिणत करें।**

**शाबास थाने, काम भी सही अर रिपोर्ट भी टैम पै।**

बैठक में डीसी प्रदीप दहिया ने कृषि विपणन बोर्ड के कार्यकारी अभियंता सतपाल सिंह और लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता केएस पठानिया तथा संबंधित अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यो की प्रशंसा करते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी जहां एक ओर अपने कार्य को सुचारू रूप से करते हैं, वहीं दूसरी ओर सही समय पर सही रिपोर्ट भी प्रस्तुत करते हैं। इसके लिए वे बधाई के पात्र है।

## पानीपत में हादसा: कॉलेज जा रही इंजीनियरिंग छात्रा को क्रेन ने कुचला दादा भी घायल, आरोपी नाबालिग क्रेन चालक पुलिस गिरफ्त में



**गांव बाबरपुर निवासी सुभाष ने बताया कि उसकी पोती साक्षी इंजीनियरिंग प्रथम वर्ष की छात्रा थी। वह गुरुवार सुबह अपनी पोती को ऑटो में बैठाने के लिए बाबरपुर बस स्टैंड पर गए थे। इसी दौरान पानीपत की ओर से आई क्रेन ने साक्षी को कुचल दिया।**

**गजब हरियाणा न्यूज**

पानीपत । गुरुवार सुबह कॉलेज जा रही इंजीनियरिंग की छात्रा को बाबरपुर के पास क्रेन ने कुचल दिया। क्रेन की चपेट में आने से छात्रा के दादा गंभीर रूप से घायल हो गए। क्रेन चालक नाबालिग है, जिसने हादसे के बाद भागने का प्रयास किया लेकिन लोगों ने उसे पकड़ लिया। लोगों ने आरोपी को सदर थाना पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में रखवा दिया है। घायल दादा का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

गांव बाबरपुर निवासी सुभाष ने बताया कि उसकी पोती साक्षी इंजीनियरिंग प्रथम वर्ष की छात्रा थी। वह गुरुवार सुबह अपनी पोती को ऑटो में बैठाने के लिए बाबरपुर बस स्टैंड पर गए थे। इसी दौरान पानीपत की ओर से आई क्रेन ने साक्षी को कुचल दिया। उसने साक्षी को बचाने का प्रयास किया तो क्रेन ने उसको भी टक्कर मार दी। वह टक्कर लगते ही दूर जाकर गिरा। साक्षी की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी क्रेन चालक 14 साल का नाबालिग है, जो इस समय पुलिस गिरफ्त में है। साक्षी के पिता दीपक बाबरपुर मंडी में एक परचून की दुकान चलाते हैं। साक्षी उनकी बड़ी बेटी थी। एक छोटा बेटा भी है।

## 'प्रधानमन्त्री किसान भागीदारी प्राथमिकता हमारी' किसान मेले का आयोजन किया



**गजब हरियाणा न्यूज/नरेंद्र धुमसी**

करनाल । आजादी का अमृत महोत्सव के तहत इंद्री खंड में 'प्रधानमन्त्री किसान भागीदारी प्राथमिकता हमारी' किसान मेले का आयोजन किया गया। इस ग्राम मेले में पंजाब नेशनल बैंक द्वारा एक शिविर भी लगाया गया। किसान मेले में एलडीएम सुरेंद्र कुमार सिंघाल एवं बैंक के अधिकारियों ने भाग लिया।

एलडीएम एस.के. सिंघाल ने बताया कि मेले में लगभग 60 किसानों ने हिस्सा लिया। किसानों को पंजाब नेशनल बैंक पीएनबी के स्टाल पर कृषि ऋण, कृषि कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड एवं डेयरी ऋण की जानकारी दी गई। इस अवसर पर एफ.एल.सी. चन्द्र मोहन रेलन ने किसानों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मेले में प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, ईपीएफ खातों के बारे में भी जानकारी दी गई तथा डिजिटल बैंकिंग एवं साइबर क्राईम के बारे में जागरूक किया गया।

**Classified Display**

'गजब हरियाणा' समाचार पत्र में डिस्प्ले क्लासिफाइड में अपना विज्ञापन आज ही बुक करें, बहुत ही कम दामों में।
संपर्क करें : 9255103233
gajabharyananews@gmail.com

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक जरनैल सिंह द्वारा ढिंगरा प्रिंटिंग प्रैस, अग्रसैन चौक, मोहन नगर, कुरुक्षेत्र से छपवाकर कार्यालय 'गजब हरियाणा' कोठी नं0 890 पी, सैक्टर-4, अर्बन इस्टेट कुरुक्षेत्र जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा से प्रकाशित व मुद्रक किया। सम्पादक जरनैल सिंह ( 91382-03233 ) Registration Nanber: HAR/HIN/2018/77311